हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## डांस में दिखा देशभक्ति का जज्बा
# संतुलन ने किया रोमांचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के समापन अवसर पर कलाकारों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस दौरान मंच पर नृत्य के जरिए बस्तर की संस्कृति देखने को मिली। वही इंडियाज गॉट टैलेंट फेम कलाकारों की प्रस्तुति ने ऑडिटोरियम में मौजूद सभी दर्शकों



को हैरान कर दिया। अपनी 10 मिनट की ऊर्जावान प्रस्तुति के दौरान इन 12 कलाकारों ने मंच पर डांस के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाए। देशभक्ति गीतों की धुन पर कलाकारों ने एक के ऊपर एक चढ़कर अपने शानदार लचीलेपन और संतुलन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुंबई की गर्ल्स टीम ने मंच पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया।



## खबर संक्षेप

### किशोर से मारपीट, बदमाश को पिंक पेट्रोलिंग ने पकड़ा



**रायपुर।** महिलाओं के साथ घटित अपराध को रोकने गठित महिला पुलिस की पिंक पेट्रोलिंग टीम ने सार्वजनिक स्थान पर एक किशोर के साथ मारपीट करने वाले बदमाश को पकड़कर पुरानी बस्ती थाने की सुपुर्द किया। पिंक पेट्रोलिंग टीम की प्रभारी निरुपमा सिंह अपने स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग पर थीं। इस दौरान भाठागांव शीतला माता चौक के पास भीड़ दिखाई दी। टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पूछताछ में पता चला कि बाइक से जाते समय तीन युवकों द्वारा विवाद कर मारपीट की गई। टीम ने एक आरोपी को पकड़कर पुरानी बस्ती थाने के सुपुर्द किया। साथ ही घायल किशोर की उपचार कराने के बाद उसे रिपोर्ट दर्ज कराने थाने लेकर गई।

### चाकू मारकर लूट, भाग रहे बदमाश को दबोचा

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में पिकअप चालक को चाकू मारकर लूटने के आरोपी को तिल्दा टीआई ने दौड़ाकर दबोचा और धरसींवा पुलिस के सुपुर्द किया। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।



गणेश कुमार चंद्राकर पर चाकू से हमला कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने सागर रजक को गिरफ्तार किया है। तिल्दा टीआई रमाकांत तिवारी गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात गश्त पर निकले थे। इस दौरान टीआई ने देखा सागर, गणेश कुमार पर चाकू से हमला कर भाग रहा है। टीआई तथा उनकी टीम ने बदमाश को तीन किलोमीटर तक दौड़ाकर दबोचा। बदमाश पूर्व में खमतराई थाना क्षेत्र में लूट के आरोप में जेल जा चुका है।

### बिना अनुमति डीजे बजाया पुलिस ने किया जब्त




**रायपुर।** कबीर नगर पुलिस ने बिना अनुमति डीजे बजाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए डीजे वाहन जब्त कर लिया। इस मामले में डीजे संचालक नंदकिशोर सुनानी (ओडिशा) और दुष्यंत साहू (गरियाबंद) के खिलाफ कोलाहल अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों संचालक बिना वैध अनुमति डीजे बजा रहे थे, जिससे सार्वजनिक शांति भंग होने की स्थिति बन रही थी। जबकि पूर्व में पुलिस द्वारा बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बिना अनुमति डीजे संचालन नहीं किया जाएगा। चेतावनी के बावजूद नियम तोड़ने पर यह कार्रवाई की गई।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत रायपुर जिले में भी बड़ा फर्जीवाड़ा
# 11 हजार से अधिक संदिग्ध, 2163 मृत मिले इनके खातों में भी ट्रांसफर हो रही थी राशि


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को जारी होने वाली राशि में प्रदेश के कई जिलों में फर्जीवाड़ा हुआ है। रायपुर जिले में भी इस योजना के तहत बड़ी संख्या में अपात्र किसानों के साथ ऐसे किसानों के खातों में भी यह राशि ट्रांसफर की जा रही थी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। कृषि विभाग रायपुर कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के अन्य जिलों की तरह रायपुर जिले में भी इस योजना का लाभ लेने वाले किसानों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत जिले में 11 हजार से अधिक संदिग्ध किसानों का पता चला है, जिनमें अब तक जांच में 1310 अपात्र किसानों के नाम उजागर हुए हैं। इसके अलावा 2 हजार से अधिक किसानों की मृत्यु हो चुकी है। सूत्रों से पता चला है कि इसके बाद भी उनके नाम पर खुले बैंक खातों में योजना की राशि जा रही थी। इन सभी मृतकों के नाम अब पोर्टल से हटवा दिए गए हैं, जिससे राशि ट्रांसफर होना बंद हो गई है।

### 1310 नाम काटने सूची भेजी गई

विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में जिले में संदिग्ध पाए गए 11213 किसानों में से अब तक 1310 किसान अपात्र मिले हैं। इन अपात्र सभी किसानों के नाम की सूची बनाकर मुख्यालय भेजी गई है। मुख्यालय से ही इन अपात्र किसानों के नाम काटने की प्रक्रिया होगी। इनमें शेष बचे किसानों में कितने अपात्र हैं, इसकी जांच अभी जारी है।



### सूची बनाकर मुख्यालय भेज दी गई

अपात्र एवं जिनकी मृत्यु हो चुकी किसानों की सूची बनाकर मुख्यालय भेज दी गई है। मृत किसानों के नाम विभाग के पोर्टल से हटा दिए गए हैं, वहीं सूची में शामिल नाम ब्लॉक कर दिए गए हैं। उनके खातों में अब राशि ट्रांसफर नहीं होगी। शेष संदिग्ध किसानों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।
- **सतीश अवस्थी,** जिला अधिकारी, कृषि विभाग रायपुर

### 92518 किसानों को 18.71 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कुल 92518 किसान पंजीकृत हैं। इन किसानों के लिए हाल ही में केंद्र सरकार ने 22वीं किस्त जारी की है। इसके तहत जिले में पंजीकृत किसानों के लिए 18 करोड़ 71 लाख रुपए की राशि जारी भी की गई। यह राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो गई। फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद जिले में पंजीकृत किसानों में अपात्र तथा जिनकी मृत्यु हो चुकी है, ऐसे किसानों की जांच की जा रही है। विभाग की प्रारंभिक जांच में कुल 2163 किसान ऐसे मिले हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। सूत्रों से पता चला है कि इनमें कई किसानों की मृत्यु कोविड काल में हो गई है। इसके बाद भी मृतक किसानों के बैंक खातों में योजना की राशि जा रही थी।

### किसानों की मौत की खबर न परिजनों ने दी और न ही विभाग ने की पड़ताल

मृत्यु के बाद भी जिन किसानों के बैंक खातों में योजना की राशि जा रही थी, इसके लिए जितना विभाग जिम्मेदार है, उतना ही मृतक किसानों के परिजन भी हैं। विभाग के अधिकारियों की लापरवाही यह है कि योजना का लाभ लेने वाले किसानों में कितने जीवित हैं तथा कितनों की मृत्यु हो चुकी है, इसका कई साल तक भौतिक सत्यापन ही नहीं किया। विभाग की इस लापरवाही के कारण मृत किसानों के नाम पोर्टल से काटे नहीं गए, जिससे उनके खातों में राशि लगातार ट्रांसफर होती रही। इधर मृतक किसानों के परिजनों ने पैसे मिलने के लालच में इसकी जानकारी न ही विभाग को दी और न ही बैंक में चालू खातों को बंद कराया। हालांकि सूत्र से यह भी जानकारी मिली है कि पंजीकृत किसान की मृत्यु होने के बाद परिजनों ने बैंक खाता और मोबाइल नंबर दोनों बदल दिए हैं। हालांकि अधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

## माशिम ने कहा- उत्तीर्ण करवाने हम नहीं मांग रहे पैसे इस तरह के फोन कॉल फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने नोटिस जारी कर रहा है कि उनके द्वारा किसी भी छात्र को परीक्षा में उत्तीर्ण करवाने किसी तरह के फोन कॉल नहीं किए जा रहे हैं। मंडल ने जारी अधिसूचना में कहा, बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के उपरांत वर्तमान में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। पूर्व वर्ष 2024 एवं 2025 में बोर्ड परीक्षा में पास करने के लिए छात्रों और पालकों को फर्जी फोन कॉल आये थे। फर्जी कॉलर व्दारा परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए पैसों की अनुचित मांग की गई थी। यदि बोर्ड परीक्षा में पास करने के लिये छात्रों एवं पालकों को किसी भी प्रकार का फर्जी फोन कॉल आते हैं तो उसे ध्यान न देते हुए ▶▶| शेष पेज 13 पर

### लीक हुआ था हिंदी का पर्चा

माशिम की परीक्षाएं इस वर्ष विवादों में रही है। बारहवीं कक्षा के हिंदी विषय के प्रश्न परीक्षा से एक दिन पहले ही व्हॉट्सऐप और इंस्टाग्राम पर वायरल हो गए थे। इसके बाद माशिम ने थाने में इसकी शिकायत की थी। यह परीक्षा अब रद्द कर दी गई है। जारी किए गए नए शेड्यूल के अनुसार अब 10 अप्रैल को हिंदी विषय की पुनः परीक्षा आयोजित होगी। माशिम वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित करा रहा है। इस कारण प्रथम परीक्षा के परिणाम जल्द जारी करने की तैयारी थी। सूत्रों के अनुसार, पुनः ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 16 मार्च से प्रारंभ हुआ है मूल्यांकन

10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकओं का मूल्यांकन 16 मार्च से प्रारंभ कर दिया गया है। प्रथम चरण का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। अब द्वितीय चरण का मूल्यांकन जारी है। शुरुआत में हुई परीक्षाओं का मूल्यांकन प्रथम चरण में किया गया, जबकि बाद में हुई परीक्षाओं का मूल्यांकन दूसरे चरण में किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में 33 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी के प्रो.जेएन पांडेय और दानी गर्ल्स स्कूल में कॉपियां जांची जा रही हैं। परीक्षा केंद्र में शिक्षकों द्वारा पर्स, फोन सहित सभी प्रकार के वस्तुएं ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## एकतरफा प्रेम में युवती ने ब्वॉयफ्रेंड के साथ पाक मूल के युवक को जिंदा दफनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र में पाकिस्तान मूल के युवक की अधमरा होते तक पिटाई करने के बाद जिंदा दफनाने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग तथा एक युवती शामिल है। हत्या के संदेही के अचानक गायब होने पर पुलिस को उस पर संदेह गहराया, इसके बाद पुलिस ने उसकी पतासाजी कर गिरफ्तारी की। हत्या का कारण मुख्य आरोपी की प्रेमिका के साथ मृतक का एक तरफा प्यार था। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

- **हत्या के आरोप में दो नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार**
- **मृतक शदाणी दरबार में पार्किंग का काम देखता था**

पूरे मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा ने बताया कि नितेश बत्रा (29) की हत्या के आरोप में बोरियाकला निवासी श्याम सुंदर ▶▶| शेष पेज 13 पर

### नवागांव ले जाकर जिंदा दफनाया

सावित्री के उकसाने पर श्याम सुंदर ने मौके से एक लकड़ी का डंडा लेकर नितेश के सिर पर दो वार किया और उसके साथ मारपीट की। इस पर सावित्री ने नितेश को जान से मारने के लिए कहा। तब श्याम सुंदर ने अपनी थोक सब्जी दुकान में काम करने वाले दोनों नाबालिग तथा अपने साथी को कॉल कर घटना स्थल आने कहा। इसके बाद सावित्री को छोड़ सभी नितेश को ऑटो में जबरन बैठाकर अपने साथ नवागांव की तरफ ले गए। एक बदमाश ने नितेश की स्कूटी को रास्ते में एक पुल के नीचे फेंक दिया। चारों ने सूनसान रास्ते में एक तालाब के पास नितेश को ऑटो से नीचे उतारा, इसके बाद गमछा से उसका गला घोटा। गला घोटने से नितेश बेहोश हो गया। बदमाश उसे मरा हुआ समझ कर बेहोशी की हालत में जमीन में गड्ढा खोद कर जिंदा दफन कर दिया। जमीन में दफन करने से दम घुटने से नितेश की मौत की पुष्टि पीएम रिपोर्ट में हुई है।

### युवती ने श्याम सुंदर को हत्या करने उकसाया

घटना दिनांक को श्याम सुंदर अपनी प्रेमिका सावित्री से मिलने उसके घर गया था। इस दौरान नितेश श्याम सुंदर तथा सावित्री को देखने लगा। इस पर श्याम सुंदर ने आपत्ति जताते हुए नितेश के साथ गाली-गलौज की। इस बीच सावित्री ने श्याम सुंदर को बताया कि नितेश उससे एकतरफा प्यार करता है और उसे घूर-घूर कर देखता है। इतना कहने के साथ सावित्री ने श्याम सुंदर को नितेश को मारने दबाव बनाया।

## आलमारी से नकदी समेत साढ़े पांच लाख के जेवर चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ आलमारी से नकदी 50 हजार रुपए सहित साढ़े पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कटोरा तालाब निवासी रेखा अजवानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।



रेखा ने पुलिस को बताया कि उसने 16 जनवरी को अपनी सास के कमरे की आलमारी में नकदी तथा जेवर रखे थे। दो माह बाद 21 मार्च को रेखा ने आलमारी खोलकर देखी तो जेवर तथा नकदी गायब मिले। रेखा ने अपने यहां काम करने वाली बाई पर नकदी तथा जेवर चोरी करने की आशंका व्यक्त की है।

## फील्ड पर नहीं उतरीं पूरी गाड़ियां, जरूरत के समय कॉल डिस्कनेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरी झंडी दिखाने के तीन दिन बाद भी राज्य में 108 एंबुलेंस सेवा सामान्य नहीं हो पाई है। इसी तरह बीच में कॉल डिस्कनेक्ट होने की वजह से जरूरतमंदों को सही समय पर एंबुलेंस की मदद नहीं मिल पा रही है। नई एजेंसी के 370 गाड़ियों के साथ फील्ड पर उतरने के दावे किए जा रहे थे, मगर अभी भी बस्तर सहित दूरवर्ती इलाकों में गाड़ियां नहीं पहुंच पाई हैं।

- **नई एजेंसी, सामान्य नहीं हो पाई 108 एंबुलेंस व्यवस्था**

सालभर की मशक्कत और विभिन्न आरोपों के बीच विभागीय स्तर पर प्रक्रिया पूरी कर राज्य में निशुल्क एंबुलेंस सेवा के लिए नई एजेंसी को ठेका दिया गया था। चर्चा इस बात की भी रही की पुरानी एजेंसी पर आनन-फानन कुछ ही दिनों में अपना काम समेटने के लिए दवाब बनाया गया था। एक अप्रैल को नई कंपनी ने अपना काम शुरू किया। इस दौरान दावा किया गया था कि 370 नई और सुविधायुक्त एंबुलेंस के साथ जीवीके ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस फील्ड पर उतरेगी। तीन दिन बीतने के बाद जिलों को आवंटित सभी एंबुलेंस अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाई हैं। बस्तर के सुदूर इलाकों के साथ कोरबा, बलरामपुर जिलों में भी पूरी एंबुलेंस नहीं पहुंच पायी है। इधर कॉल सेंटर की व्यवस्था भी सामान्य नहीं होने की वजह से मरीजों को भी मदद मिलने में परेशानी हो रही है। जानकारों का कहना है कि लगाए गए कॉल पर डिटेल दिए जाने के कारण डिस्कनेक्ट होने की समस्या आ रही है। इससे कॉल सेंटर फील्ड पर मौजूद टीम को साइनइन नहीं कर पा रहा है और मरीज तक सही समय पर मदद नहीं पहुंच पा रही है। इस बार विभाग ने आपात स्थिति से जूझने वाले नवजात बच्चों की सुध लेते हुए नियोनेटल सुविधाओं से लैस एंबुलेंस की व्यवस्था की है। कंपनी ने इसके लिए एएलएस एंबुलेंस में यह सुविधा वाले पांच एंबुलेंस को शामिल किया है जो 3 जिले वाले राज्य के हिसाब से कम है।

### पुरानी कंपनी


*वर्तमान में जिस एजेंसी को 108 संजीवनी का ठेका दिया गया है, वह शुरुआती दौर में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई एबुलेंस का करीब दस साल तक संचालन कर चुकी है। संबंधित कंपनी के पास उस दौरान मैन पॉवर की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी थी। लंबे समय तक इन एंबुलेंस को चलाने के बाद शासन की ओर से नया ठेका दिया गया। इस दौरान संबंधित एजेंसी को संचालन के लिए नई एंबुलेंस लाने की शर्तें रखी गई थी, जिससे ठेका बदल गया था।*



## आयोग ने पॉवर कंपनी से मांगी और कुछ जानकारी, आने के बाद होगा अंतिम फैसला
# इस माह बिजली का नया टैरिफ लागू होने की संभावना कम, आयोग में चल रहा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को नए सत्र में महंगी बिजली का झटका लगना तय है। अब यह झटका कितना बड़ा होगा, इसका फैसला करने में बिजली नियामक आयोग लगा हुआ है। अब तक इस पर कोई फैसला नहीं हो सका है। आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से और कुछ जानकारी मांगी है। यह जानकारी आने के बाद ही फैसला होगा। ऐसे में संभावना है कि इस माह नया टैरिफ लागू नहीं हो पाएगा। पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा



लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा, पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है। इस जरूरत के हिसाब से ही नया टैरिफ तय करने की मांग रखी गई है।

### घाटे के हिसाब से बढ़ेगा टैरिफ

बिजली नियामक आयोग अब जनसुनवाई के बाद लेखा जोखा देख रहा है। आयोग तय करेगा कि वास्तव में कंपनी का कितना घाटा मान्य होगा। जानकारों के मुताबिक अगर आयोग ने 63 सौ करोड़ के घाटे को पांच हजार करोड़ भी माना तो इसके कारण बिजली की कीमत 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ेगी। बीते साल पांच सौ करोड़ का घाटा मानने पर दो फीसदी दाम बढ़े थे। ऐसे में आयोग भी परेशान है कि आखिर क्या किया जाए। ऐसे में फैसला लेने में थोड़ा विलंब हो रहा है।

### तीन किस्तों में घाटा पूरा करने पर बड़ा नुकसान भी

आयोग के अधिकारियों का कहना है कि पूरे घाटे को तीन साल तक तीन किस्तों में भी बांटा जा सकता है, लेकिन ऐसा करने पर आरडीएसएस योजना के तहत केंद्र सरकार को पॉवर कंपनी को जो विभिन्न योजनाओं में करोड़ों रुपए की मदद मिलती है, वह प्रभावित हो सकती है। ऐसे में एक रास्ता यह है कि जिस तरह से दो साल पहले राज्य सरकार ने हजार करोड़ की सब्सिडी दे दी थी तो कीमत कम बढ़ी थी। इस बार भी राज्य सरकार अगर सब्सिडी दे देगी को उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है।


जय श्री बालाजी
श्री बालाजी रेडीमेड गारमेंट सेल का ऐतिहासिक फैसला
श्री बालाजी गारमेंट सेल का अब तक का
सबसे बड़ा डिस्काउंट ऑफर
जल्दी करें !
ऑफर केवल
7 दिन के लिए
(शनि से शुक्रवार तक)
10 अप्रैल, 2026 तक
Fantastic
500/-
OFFER
समर स्पेशल महाडिस्काउंट ऑफर
व्यापार के इतिहास में भयानक मंदी के कारण
लाखों का माल अब पानी के मोल
फैंसी टॉप ₹ 500 में 10 पीस
(L से 5XL Size)
फैंसी कुर्ती
₹ 500 में
10 पीस
फैंसी साड़ी
₹ 500 में
10 पीस
₹ 500 में
5 पीस
समर स्पेशल लाइट वेट साड़ियां
जीन्स कैपरी ₹ 500 में 3 पीस
कॉटन कलरफुल शर्ट ₹ 500 में 3 पीस
ब्रांडेड वाइट कॉटन शर्ट धमाका
ब्रांडेड वाइट कॉटन शर्ट मात्र 149/- में
मेंस कॉटन वाइट शर्ट ₹ 500 में 3 पीस
क्वालिटी स्पोर्ट टी-शर्ट ₹ 500 में 5 पीस
50 VIP COUNTERS
ब्रांडेड गारमेंट्स • जीन्स • शर्ट्स • टी-शर्ट्स • लोअर • शॉर्ट्स
Offer में लीजिये : मात्र 99/- से 499/- में (MRP : 1500/- से 2000/-)
किड्स लोअर, टी-शर्ट, कैपरी
99/- ONLY
पेपर कटिंग लाने पर
B&W सैण्डो
100/- में 5 pcs
FREE PARKING
गुरुतेग बहादुर हॉल
FREE ENTRY
गढ़ कलेवा के पास, राजभवन गेट नं.-3 के सामने, घड़ी चौक, रायपुर
sumit

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता रखने वाली संस्थाओं का सम्मान कल

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व पर मुख्य शोभायात्रा में बढ़ते कदम की टीम साफ-सफाई का सेवाकार्य विगत 13 वर्षों से करती आ रही है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बढ़ते कदम को यह सेवाकार्य सौंपा गया। सिंधी युवाओं की टीम शोभायात्रा में सबसे आगे स्वच्छता संदेश देकर लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरूक करती हुई चल रही थी। वहीं बढ़ते कदम की टीम शोभायात्रा के पीछे सफाई करते हुए स्टॉल्स से कचरा इकट्ठा करते हुए चल रही थी। बढ़ते कदम द्वारा शोभायात्रा के स्वागत के लिए लगाए गए स्टॉल्स से 9 ट्रैक्टर ट्राली कचरा उठाया गया। शोभायात्रा में साफ-सफाई प्रभारी सुनील अमरानी (पूर्व अध्यक्ष) एवं मीडिया प्रभारी राजू झामनानी ने बताया कि बढ़ते कदम संस्था द्वारा शोभायात्रा में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने वाली 6 सर्वश्रेष्ठ पंचायतों, समितियों को बढ़ते कदम के प्रोग्राम 5 अप्रैल को सम्मानित किया जाएगा। इसमें प्रथम पुरस्कार पूज्य जय बाबा आश्रम लाखेनगर, द्वितीय पुरस्कार पूज्य श्री प्रेमप्रकाश आश्रम शैलेंद्र नगर, तृतीय पुरस्कार संजय हार्डवेयर गुरुनानक चौक, सांत्वना पुरस्कार पूज्य शिकारपुरी पंचायत, पूज्य कंधकोट पंचायत, विकास प्रिंटर्स रामसागर पारा को दिया जाएगा।

### ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

**रायपुर।** सुधर्म स्थानकवासी जैन श्रीसंघ रायपुर द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर समापन एवं सुधर्म भवन का शिलान्यास कार्यक्रम शिलान्यास सुधर्म जैन विहार, भैरव सोसाइटी में संपन्न हुआ। शिविर में अध्यापन खीचन गुरुकुल के ओजस्वी सुश्रावक विद्यासागर एवं सहयोगी टीम जोधपुर द्वारा करवाया गया, शिविर में लगभग 800 से भी ज्यादा लोगों ने भाग लिया। यह जानकारी अजय जैन ने देते हुए बताया कि विगत 41 वर्षों से सुधर्म परिवार रायपुर द्वारा ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद श्रीश्रीमाल एवं विशेष अतिथि मोतीलाल कांकरिया तथा पारसमल बोथरा थे। इस अवसर पर श्री सुधर्म स्थानकवासी जैन श्री संघ रायपुर अध्यक्ष प्रेमचंद गोलछा, महामंत्री कमल बोहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## निधन

### आशीष चंद्राकर

**रायपुर।** प्रोफेसर कॉलोनी निवासी आशीष चंद्राकर (35) का 3 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट के लिए निकलेगी। वे संजय चंद्राकर के पुत्र, तनु चंद्राकर के पति, सनत कुमार, कौशल कुमार, सीए पूरनलाल, नरेंद्र और सत्येंद्र चंद्राकर के भतीजे थे।



### श्रीचंद पारप्यानी

रायपुर। बाबा गेलाराम नगर देवपुरी निवासी श्रीचंद पारप्यानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अप्रैल को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय व संतोष पारप्यानी के पिता थे।



# संलग्नीकरण समाप्ति के आदेश से हड़कंप, सालों से मुख्यालयों में जमे डाक्टरों की फील्ड पर होगी वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री के संलग्नीकरण समाप्ति के आदेश से सालों से मुख्यालयों में आराम की नौकरी करने वाले डाक्टरों सहित अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। जारी आदेश के मुताबिक उन्हें मुख्यालयों की नौकरी छोड़कर स्वास्थ्य केंद्रों में लौटना होगा। अलग-अलग जिलों में अनेक डाक्टर ऐसे हैं, जो प्रशासनिक दिलचस्पी के कारण अपना मूल काम छोड़ चुके हैं। इन डाक्टरों सहित अन्य कर्मचारियों का पदस्थापना स्थल जाने के लिए अब तक रिलीव आर्डर जारी नहीं किया जा सका है। स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों की कमी और सीएमएचओ कार्यालयों, स्वास्थ्य संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में बड़ी संख्या में डाक्टर काम कर रहे हैं। इनकी पोस्टिंग विभिन्न शासकीय अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्रों में है, मगर अटैचमेंट के जरिए वे अपना मूल पेशा छोड़कर अन्य कामकाज में दिलचस्पी ले रहे हैं। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संलग्नीकरण समाप्त करने की घोषणा की थी।

## पोस्टिंग स्वास्थ्य केंद्रों की, अटैचमेंट में डयूटी जिला और राज्य कार्यालयों में

### रायपुर जिले में पचास से ज्यादा अटैच

रायपुर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में भी पचास से ज्यादा कर्मचारी अटैचमेंट में अपना काम कर रहे हैं। इनमें वे डाक्टर भी शामिल हैं जिनकी पोस्टिंग स्वास्थ्य केंद्रों में है और वे मरीजों का इलाज करने के बजाए मुख्यालय में अटैचमेंट लेकर अपने मूल पेशा से दूर हो चुके हैं। राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का नोडल बनकर वे अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं।



### हमर क्लीनिक का स्टाफ भी

रायपुर जिले में करीब सत्तर हमर क्लीनिक की स्थापना की जानी है। काफी कोशिशों के बाद पचास क्लीनिक बने हुए हैं, जहां डाक्टर और अन्य स्टाफ अपनी सेवा दे रहे हैं। जिन हमर क्लीनिक को अस्तित्व में आना है, वहां के स्टाफ को फिलहाल दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में अटैचमेंट में रखा गया है। जारी आदेश के बाद इन्हें भी अपने पदस्थापना स्थल पर लौटना होगा जो अभी अस्तित्व में नहीं है।

### नियमानुसार कार्यवाही

अटैचमेंट के मामले में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। मुख्यालयों सहित अन्य स्थानों पर पदस्थ चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ को मूल पदस्थाना स्थल पर भेजा जाएगा।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ, रायपुर

## पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद भी शहर में सुधरी नहीं यातायात व्यवस्था

# जिन सड़कों को कब्जों से कराया मुक्त, वहां फिर लग गईं अवैध दुकानें, लग रहा जाम

*यातायात व्यवस्था जस की तस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की यातायात व्यवस्था चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात के जैसी हो गई है। सड़कों पर अवैध ठेला-गुमटी सहित अन्य दुकानों को हटाने अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन कुछ दिनों के बाद उन सड़कों की स्थिति जस की तस नजर आने लगती है। यातायात व्यवस्था को सुधारने अब तक चलाए गए सारे अभियान विफल रहे हैं। नगर निगम प्रशासन लगातार मुख्य सड़कों को बेजा कब्जों से मुक्त करने अभियान चलाता रहा है।

इसके बाद जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से टीम प्रहरी के माध्यम से अभियान चलाया। इतना ही नहीं, इसके बाद भी शहर की स्थिति जब सुधरी नहीं, तो शहर में कमिश्नर प्रणाली लागू होते ही पुलिस विभाग के नए सिस्टम ने यातायात विभाग और नगर निगम प्रशासन के साथ मिलकर यातायात व्यवस्था को सुधारने विशेष अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस दौरान कई प्रमुख मार्गों से ठेला-गुमटियों एवं लावारिस गाड़ियों को हटाया तथा जब्ती बनाया है, लेकिन यह कार्रवाई भी खानापूर्ति साबित हुई। हरिभूमि ने शुक्रवार को शहर के उन सभी मुख्य मार्गों की पड़ताल की, जिन मार्गों को कब्जा मुक्त कराते हुए ठेला-गुमटियों को जब्ती बनाने की कार्रवाई कराई गई थी। इन मार्गों पर दोबारा अवैध ठेला-गुमटियों की दुकानें सज चुकी हैं, जिसके कारण यातायात व्यवस्था फिर चरमाने लगी है।



### पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद दो महीने तक चला विशेष अभियान

राजधानी में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद जनवरी से लेकर फरवरी तक यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस कमिश्नर ने नगर निगम के साथ मिलकर शहर के दर्जनों प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण हटाने विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान गोलबाजार, तात्यापारा, एमजी रोड, जीई रोड, पचपेड़ी नाका से पुजारी पार्क, संतोषीनगर, पंडरी, भनपुरी, रिंग रोड में सर्विस रोड, महादेव घाट रोड, शंकरनगर, भाठागांव सहित अनेक प्रमुख मार्ग पर सड़कों पर लगे अवैध ठेला-गुमटियों को हटाने एवं जब्ती बनाने की कार्रवाई की। इस दौरान कई जगहों पर लावारिस और कंडम हालत में खड़े वाहन को भी हटाने एवं जब्ती बनाने की कार्रवाई की गई।

**केस:1**

पचपेड़ी नाका से पुजारी पार्क तक फिर सड़क के दोनों ओर अवैध दुकानें लग चुकी हैं। इस मार्ग पर करीब 50 से अधिक दुकानें हैं। कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद इस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था।

**केस:2**

संजय-नगर-संतोषीनगर ओवरब्रिज से संतोषीनगर जाने वाले मुख्य मार्ग पर भी अभियान चलाकर सड़कों से अवैध दुकानें हटवाई गई थीं। इस मार्ग पर दोबारा दुकानें लग चुकी हैं।

**केस:3**

गोलबाजार-शास्त्री बाजार में भी कई प्रमुख मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इन मार्गों पर फिर अवैध दुकानें लग चुकी हैं।

**केस:4**

जीई रोड पर भी अभियान चलाकर कई बार अवैध दुकानें हटाई गई हैं, लेकिन यहां दोबारा दुकानें सज चुकी हैं।

**केस:5**

कालीबाड़ी से पुलिस लाइन गेट तक सड़क पर ठेला-गुमटियों के कारण सड़क पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। यहां भी कई बार कार्रवाई की गई है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**केस:6**

महादेव घाट, लाखेनगर मार्ग पर भी दुकानों के बाहर तक दुकानों का सामान, बोर्ड के साथ ठेला-गुमटियां को हटाने एवं जब्ती बनाने की कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन स्थिति वर्तमान में जस की तस है।

## चालान की राशि पटाने से बचने ड्राइवर ट्रक चोरी कर भागा, डोंगरगांव से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नो एंट्री में घुसे ट्रक ड्राइवर द्वारा ट्रक चोरी कर ले जाने का मामला सामने आया है। ट्रक चोरी कर ले जाने वाले ड्राइवर को पुलिस ने राजनांदगांव, डोंगरगाव से गिरफ्तार किया है। आरोपी ट्रक चालक बिहार का रहने वाला है। ड्राइवर के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने भनपुरी में नो एंट्री की कार्रवाई की थी। चालान जमा नहीं करने पर ट्रैफिक पुलिस ने ट्रक जब्ती की कार्रवाई की थी। चालानी कार्रवाई से बचने ट्रक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने बिहार, जमुई निवासी डबलू कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 31 मार्च को ट्रक ड्राइवर ने ट्रक सीजी- 07 एजेड 5831 को नो-एंट्री में घुसा दिया। इस पर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए ट्रक को यातायात थाना में पार्क किया गया। शुक्रवार को पुलिस को जानकारी मिली कि यातायात थाना में पार्क ट्रक अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की, तो जिस ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की गई है, वही ट्रक चोरी कर ले जाते दिखा। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के माध्यम से ट्रक का लोकेशन ट्रेस कर ट्रक को डोंगरगांव के पास ट्रैप कर ड्राइवर को गिरफ्तार किया और ट्रक को वापस रायपुर लेकर आई।



■ नो एंट्री में ट्रक घुसाने पर पुलिस ने की थी कार्रवाई

## सीएम साय ने लेह-लद्दाख प्रथम सिंधु कुंभ यात्रा के पोस्टर का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लेह-लद्दाख में 22 से 27 जून तक आयोजित प्रथम सिंधु कुंभ यात्रा-2026 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर संत साईं युधिष्ठिर लाल शदाणी, धमतरी के महापौर रामू रोहरा, श्रीचंद सुंदरानी, सतीश थौरानी, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, आनंद कुकरेजा, संजय श्रीवास्तव एवं कई समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य तथा आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने पोस्टर का अनावरण करते हुए कहा कि लेह-लद्दाख में होने वाली यह सिंधु कुंभ यात्रा देशभर के नागरिकों के लिए सनातनी गर्व और आस्था का केंद्र बनेगी। उन्होंने इस आयोजन को सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस यात्रा का मिशन विश्व में तिरंगा फॉर पीओके, तिरंगा फॉर सिंध और तिरंगा फॉर मानसरोवर का संदेश देना है। कार्यक्रम में बताया गया कि यह यात्रा 22 से 27 जून तक होगी, जिसमें देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। यात्रा के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक एकता के विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया और पूरे आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस आयोजन मे प्रदेश अध्यक्ष साकेत मिश्रा, प्रथम सिंधु कुंभ यात्रा प्रभारी अध्यक्ष अमर गिदवानी, श्याम शिवहरे, किशोर आहूजा, मनोज कुमार, तनेश बजाज, स्वप्निल मिश्रा, देवराज गुरनानी, गायत्री देवांगन, राधा राजपाल, प्रेम सोनी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सरकारी अस्पताल में पैथोलॉजी टेस्ट का काम एचएलएल को, नियम विरुद्ध होने का आरोप

**रायपुर।** कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा शासकीय अस्पतालों में रोगियों के पैथोलॉजी जांच का कार्य केंद्र सरकार की सार्वजनिक उपक्रम इकाई हिंदुस्तान लाइफ केयर लिमिटेड (एचएलएल) को दिए जाने का आदेश फरवरी माह में दिया गया है। कंपनी 14 अप्रैल से अपना काम जगदलपुर से शुरू करने जा रही है। यह पूरी प्रक्रिया नियम विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि सामान्य वित्तीय नियमावली 2017 और केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसी भी राज्य सरकार या विभाग द्वारा किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को बिना निविदा के सीधे काम सौंपना सामान्यतः प्रतिबंधित है। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि किसी भी राज्य सरकार के लिए किसी केंद्रीय या राज्य पीएसयू को सीधे काम देना तब तक नियम विरुद्ध है, जब तक कि ऊपर बताई गई विशेष परिस्थितियां और उनके लिखित कारण मौजूद न हों।

## हनुमान जयंती पर शहर में कई जगह हुआ भंडारा

### नर्मदा कुंड मंदिर में मना हनुमान जन्मोत्सव



**रायपुर।** फाफाडीह स्थित नर्मदा कुंड मंदिर में शुक्रवार को श्रद्धा और आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला, जहां विष्णुदेव साय हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके आगमन से मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं का उत्साह दोगुना हो गया। इस अवसर हनुमान जन्मोत्सव का था, जिसके चलते सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। इस दौरान पवन खंडेलवाल और विशाल खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री को 56 भोग प्रसादी भेंट कर उनका स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान किरण सिंह देव और रास सांसद लक्ष्मी वर्मा सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और नागरिक भी मौजूद रहे।

### जीवन विहार कॉलोनी में हुआ महाभंडारा



हनुमान जयंती के अवसर पर जीवन विहार कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार को महाभंडारे का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन एक प्रयास सामाजिक सेवा संस्था द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भंडारे का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर सतू सिंह, ओमप्रकाश सेन, बिसु, अशोक, दीपक, रिंटू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉलोनीवासियों और संस्था के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### निलजा में हनुमान चालीसा का पाठ



ग्राम निलजा में 2 अप्रैल को प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। अपने ग्राम देवता हनुमानजी का पूजन करने के लिए सुबह 5 बजे से भक्त पहुंचने लगे थे। दोपहर तक पूजन करने वालों की कतार लगी रही। भक्त उत्साह से भगवान श्रीराम, भक्त हनुमान और महादेव के जयकारे लगाते रहे। वहीं हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा। इस बीच पुरोहित के सानिध्य में ग्राम की सरपंच उमा हरिओम महाजन ने ग्रामीणों के साथ हवन में आहुति दी। भक्तों को प्रसादी वितरण का क्रम सुबह से चलता रहा। गांव की मंडली के अलावा स्वान्तः सुखाय मानस परिवार छुईहा (गरियाबंद) और श्रीराम चरित्र मानस परिवार चारामा ( कांकेर) की मंडलियों ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उत्तर वर्मा, शत्रुहन वर्मा, अखिलेश वर्मा, मोहन वर्मा के अलावा अंकित वर्मा, मोहक बघेल, कृष्णकांत वर्मा, चिन्मय वर्मा, भोला, देवचरण, दीपक, दिलीप, निपुण आदि शामिल थे।

## बिजनेस साइट

### संजीवनी कैंसर केयर के डॉ आयुष दुबे का का अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जलवा, एएससीओ में चुना गया शोध



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चिकित्सा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण सामने आया है। संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आयुष दुबे ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनका शोध सार विश्व के प्रतिष्ठित मंच 'अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लीनिकल ऑन्कोलॉजी' (एएससीओ) की वार्षिक बैठक में प्रकाशन के लिए चयनित हुआ है, जो 26 जून को शिकागो में आयोजित होगी। एएससीओ सम्मेलन को कैंसर अनुसंधान के क्षेत्र में सबसे बड़ा वैश्विक मंच माना जाता है, जहां इस वर्ष 8000 से अधिक शोध प्रस्तुत किए गए। इनमें डॉ. दुबे के शोध का चयन उनकी वैज्ञानिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। उनका अध्ययन स्टेज-4 कोलोरेक्टल कैंसर में म्यूटेशन की पहचान हेतु नेक्स्ट-जनरेशन सीक्वेंसिंग और क्यूपीसीआर तकनीकों के तुलनात्मक विश्लेषण पर आधारित है। यह शोध सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों में किफायती जांच पद्धतियों को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

## शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**रायपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल चंगोराभाठा में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को उनके परिणाम वितरित किए गए। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे प्रबंधन, शिक्षक एवं अभिभावकों में उत्साह देखा गया। विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नर्सरी में याशीता साहू ने 99.5% के साथ प्रथम तथा रियांश देवांगन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पीपी-1 में अपूर्वा ठाकुर, पीपी-2 में प्रियांशी देवांगन, कक्षा 1 में तनुज चौहान और कक्षा 2 में लक्ष्य देवांगन प्रथम रहे। उच्च कक्षाओं में भी छात्रों ने उल्लेखनीय अंक अर्जित किए। कार्यक्रम में संचालक ऋषभ गुप्ता एवं प्राचार्य बंशीलाल सुरगे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रेष्ठ विद्यार्थियों को मेडल व पुरस्कार प्रदान किए गए। अभिभावकों की उपस्थिति से कार्यक्रम उत्साहपूर्ण रहा।

:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता) न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार प्र.क्र. - 73/2026
प्रो.क्र. 322/26 पेशी तारीख 07.05.2026
स्नेह मानसी अनंत ........................आवेदिका

**बनाम**

स्टेट बैंक आफ इंडिया व अन्य ......अनावेदकगण
प्रति,

**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो**

जो कि आवेदक के मृतक पिता/पति स्व० विजय कुमान अनंत के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 07.05.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा ।

नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जायेंगा ।

यह आज तारीख 30.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग०.
दिनांक 30.03.2026
मुहर

**कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेरीखेड़ी, प.ह.नं. 77 रा.नि.म. सेरीखेडी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक महासीर बाई पति सुखेलाल वगैरह द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 123/5 रकबा 0.0970 हे. का सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. ..... / अ-12/ वर्ष 2026 आदेश दिनांक 25.02.2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 21.04.2026 को समय 11.00 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/ आपत्ति हो तो प्रस्तुत करे। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/ बटांकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी**

## आलोक पाण्डेय बने भाजपा विधिक प्रकोष्ठ के मीडिया सहप्रभारी



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए आलोक पाण्डेय को भाजपा विधिक प्रकोष्ठ का प्रदेश मीडिया सहप्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी सदस्यों ने हर्ष जताया है।

## पेज 11 के शेष

### माशिम ने कहा- उत्तीर्ण ..

अनावश्यक किसी प्रकार का लेन-देन की कार्यवाही न करें तथा उक्त फर्जी कॉल के संबंध में अपने नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करें। इस प्रकार के फर्जी कॉल का छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से कोई संबंध नहीं है। अतः छात्र व अभिभावक फर्जी कॉल से भ्रमित न हो एवं सतर्क रहें।

### लीक हुआ था हिंदी...

परीक्षा आयोजित करने से परीक्षा परिणाम में विलंब की आशंका है। 10 अप्रैल को दोबारा परीक्षाएं आयोजित होने के बाद छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं विभिन्न केंद्रों में भेजी जाएंगी, जहां से मूल्यांकन उपरांत परिणाम तैयार होंगे।

### एकतरफा प्रेम में ..

सोनी (21), अभनपुर, भरेंगाभाठा निवासी सुमित कोसले (21), माना टेमरी निवासी सावित्री साहू (21) तथा दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। हत्या का मुख्य आरोपी श्याम सुंदर है। सुमित कोसले श्याम सुंदर का दोस्त है। दो अन्य नाबालिग श्याम सुंदर के यहां काम करते थे। बदमाशों ने 16 मार्च को नितेश की हत्या की थी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गुजरा में जसगीत स्पर्धा आज से

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम गुजरा में 4 व 5 अप्रैल को दो दिवसीय जस गीत व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। झांकी में प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय 7001, तृतीय 5001, चतुर्थ 3001,पंचम 2001रु रखा गया है। जिसका प्रवेश शुल्क 201 रु है। जस गीत में प्रथम पुरस्कार 4001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ 1001, पंचम 701 रु रखा गया है।जिसका प्रवेश शुल्क 151 रु है। इसके अलावा अन्य आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया है।

### सॉंकरा में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमर दास बने

**सिलयारी।** प्रदेश कांग्रेस संगठन के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति विभाग के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सॉंकरा के बाजार चौक में किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष रायपुर ( ग्रामीण ) नरसिंह भारती तथा (प्र.स. स. ) जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण मोहन बंजारे की उपस्थिति में अमर दास टंडन को अनुसूचित जाति विभाग का ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नव-निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष अमर दास टंडन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुमा मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, जनपद प्रतिनिधि अंजीत सायतोडे, राजू सायतोडे, मोहन बंजारे, गंगादास मनहर, कोमल डहरिया, अनिल गहरे, पीतांबर चेलक, योगेश गायकवाड, विवेक निराला सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भोथली में तीन दिनी रामायण समारोह

**आरंग।** ग्राम भोथली में 5 से 8 अप्रैल तक तीन दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### निस्तारी की समस्या बढ़ी नहर में पानी छोड़ने की मांग

**मंदिर हसौद।** जहां प्रदेश में अब गर्मी बढ़ने के साथ ही पेय जल और निस्तारी के लिए पानी की समस्याएं बढ़ने लगती हैं,जहां गर्मी के दिन में गांव शहर सभी जगह जल स्त्रोत नीचे चले जाते हैं जिसके चलते हैड पंप कुआं सूखने लगें और तालाब के पानी भी अब खराब हो रहा है सभी जल स्त्रोत सूखने लगे है और पानी की समस्या अब बढ़ रही है । वही गर्मी में मनुष्य से लेकर सभी जीव जन्तु पशु पक्षी पानी के लिए भटकने लगते है। जहां सभी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नारायण प्रसाद कुर्रे पूर्व मंडी अध्यक्ष ने शासन प्रशासन से बांध से पानी छोड़ने की मांग किया।

### परसकोल मार्ग निर्माण के लिए 584 लाख मंजूर

**चंदखुरी।** रायपुर जिले के आरंग विकासखंड के अंतर्गत बनरसी से परसकोल मार्ग (3.40 कि.मी.) के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने 583.76 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना में सड़क निर्माण के साथ-साथ आवश्यक पुल-पुलियों का भी निर्माण शामिल किया गया है। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। निविदा प्रक्रिया को प्रमुख अभियंता कार्यालय के माध्यम से पूरी तरह पारदर्शी रखा जाएगा। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के प्रयासों की सराहना की है। साथ ही मंत्री अरुण साव जी का भी आभार व्यक्त किया गया है। जनपद सभापति जिला महामंत्री भाजयुमो रायपुर ग्रामीण लोकेश साहू ने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी के निरंतर प्रयासों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क बनने से बनरसी और परसकोल सहित आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि, व्यापार और शिक्षा जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# कुँवरगढ़ महोत्सव में कला-संस्कृति और परंपराओं को हुआ संगम

**धरसींवा।** कुँवरगढ़ की पावन धरा पर पिछले तीन दिनों से जारी लोक-संस्कृति का महाकुंभ 'कुँवरगढ़ महोत्सव' अपने पीछे सफलता की एक अमिट इबारत छोड़ते हुए अत्यंत भावुक क्षणों के साथ संपन्न हुआ। विधायक अनुज शर्मा की अनूठी पहल और दूरगामी सोच के परिणामस्वरूप आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव ने न केवल क्षेत्र की कला और परंपराओं को वैश्विक मंच प्रदान किया, बल्कि कुँवरगढ़ की एकता और सांस्कृतिक अस्मिता का शंखनाद भी किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस आयोजन को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक जीवंत उदाहरण बताया।

## कुँवरगढ़ के इतिहास में दर्ज हुआ स्वर्णिम अध्याय





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के अंतिम चरण में क्षेत्र के विकास और सफल संचालन में सहयोग देने वाले प्रेस प्रतिनिधियों, अधिकारियों और विशेष सहयोगियों का सम्मान किया गया। इस ऐतिहासिक महोत्सव का समापन आचार्य श्री युवराज पाण्डेय जी के आशीष वचनों और उनके भक्तिमय पचरा जशगीत के साथ हुआ, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखों को नम कर दिया। इस अवसर पर रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग, सुरेंद्र पाटनी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता चंद्राकर,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्वाति वर्मा, सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति :** समापन की अंतिम संध्या छत्तीसगढ़ी लोक-कला के दिग्गजों के नाम रही। मंच पर जैसे ही अनुराग शर्मा, छाया चंद्राकर और कंचन जोशी जैसे सुप्रसिद्ध गायकों के सुर गूंजे, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से सराबोर हो उठा। रेखा जलक्षत्री और शैलेश साहू की ओजपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। लोक संगीत और पारंपरिक नृत्यों की इस जुगलबंदी ने पूरे वातावरण को छत्तीसगढ़ी रंग में इस कदर सराबोर कर दिया कि हजारों की संख्या में मौजूद जनसैलाब अपनी सुध-बुध खो बैठा। महोत्सव का चरम तब देखने को मिला जब जनता की विशेष मांग पर स्वयं विधायक और सुपरस्टार अनुज शर्मा ने अपनी सुपरहिट फिल्मों के सदाबहार गीत सुनाए, जिसने उत्सव के उत्साह को दोगुना कर दिया।

## आरोपियों ने युवक को आटो में घूमाया फिर कर दी हत्या

# प्रेम प्रसंग में युवक को जमकर पीटा फिर जिंदा दफनाया, 5 गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात शव के अंधेकत्ल का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक जघन्य हत्या का पदार्फाश किया है। जांच में सामने आया कि प्रेम प्रसंग और विवाद के चलते युवक की बेरहमी से पिटाई कर उसे अधमरी हालत में मुरूम गड्ढे में जिंदा दफन कर दिया गया था। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने एक महिला सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी अब भी फरार है।

इस पूरे मामले के खुलासे में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक झा, नगर पुलिस अधीक्षक तुसली राम लेकाम के निर्देशन में थाना प्रभारी अभनपुर निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम एवं एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक सचिन सिंह की टीम की अहम भूमिका रही। 21 मार्च को ग्राम भरेंगाभाठा से नवागांव मार्ग के किनारे एक मुरूम गड्ढे में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव दफन मिलने की सूचना मिली थी। शव का एक हाथ और पैर बाहर दिखाई देने से क्षेत्र में हडकंप मच गया था। सूचना पर पहुंची अभनपुर पुलिस ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का उत्खनन कराया और जांच प्रारंभ की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मृतक के गले पर गंभीर चोट पहुंचाई गई थी और उसे अधमरी अवस्था में ही गड्ढे में दफन कर दिया गया, जिससे सांस नली में मिट्टी भरने के कारण उसकी मौत हो गई। चिकित्सकीय रिपोर्ट में इसे स्पष्ट रूप से हत्या बताया गया।



जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान किया, जिसमें थाना माना में दर्ज गुमशुदगी से मृतक की पहचान नितेश बत्रा (29 वर्ष), निवासी माना रायपुर के रूप में हुई। परिजनों ने कपड़ों और पहचान चिन्हों के आधार पर शव की पुष्टि की। पूछताछ और जांच में सामने आया कि आरोपी श्याम सुंदर सोनी और सावित्री साहू के बीच प्रेम संबंध था। मृतक द्वारा महिला को कथित रूप से परेशान करने को लेकर विवाद हुआ, जो हिंसक रूप ले बैठा। घटना की रात आरोपियों ने पहले नितेश के साथ जमकर मारपीट की, फिर उसे ऑटो में बैठाकर कई स्थानों पर ले जाकर लगातार पीटा। बेहोशी की हालत में पहुंचने के बाद उसे मुरूम खदान में ले जाकर जिंदा दफन कर दिया गया, ताकि साक्ष्य छिपाए जा सकें। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्याम सुंदर सोनी उम्र 21 वर्ष वर्तमान निवासी बोरियाकला रायपुर, सुमित कोसले उम्र 21 वर्ष निवासी भरेंगाभाठा, सावित्री साहू उम्र 21 वर्ष निवासी जमगला जिला सरगुजा वर्तमान निवासी ग्राम टेमरी,माना और दो विधि के साथ संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं माईकल सैनी नामक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ऑटो वाहन, लकड़ी और अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। अभनपुर पुलिस और एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम की सतर्कता और तकनीकी जांच के चलते इस अंधेकत्ल का खुलासा संभव हो सका।

## गंगरेल बांध से छोड़ा पानी लखौली पहुंचा, सूखे तालाबों को मिला जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गर्मी की बढ़ती तपिश और गहराते जल संकट के बीच आरंग क्षेत्र के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की लगातार मांग आखिरकार रंग लाई और गंगरेल बांध से महानदी मुख्य नहर में पानी छोड़ दिया गया है। इससे सूख चुके तालाबों और जलस्त्रोतों के फिर से भरने की उम्मीद जाग उठी है।इस पहल के पीछे ग्रामीणों के साथ-साथ रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा का अहम योगदान रहा, जिन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर गंगरेल बांध का पट खोलने की मांग की थी। इस मांग को थानसिंह साहू, गोविंद चंद्राकर, चिंताराम वर्मा, प्रहलाद चंद्राकर, मनमोहन गुप्ता, भारतेन्दु साहू, धनीराम साहू, हिरेश चंद्राकर और तुलाराम चंद्राकर सहित कई जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिला था। वहीं, पूर्व सिंचाई मंत्री धनेंद्र साहू ने भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था।दरअसल, महानदी मुख्य नहर पर रेलवे क्रॉसिंग निर्माण कार्य के चलते पानी का प्रवाह बाधित हो गया था, जिससे आरंग क्षेत्र के तालाब सूखने लगे थे। हालात इतने बिगड़ गए थे कि भूजल स्तर गिरने से हैंडपंप भी जवाब देने लगे थे और मवेशियों के लिए पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया था। जब यह मुद्दा मीडिया और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शासन तक पहुंचा, तो प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए निर्माण कार्य के बीच ही निस्तारी के लिए पानी छोड़ने का निर्णय लिया। इसका असर अब साफ दिखाई देने लगा है।गंगरेल से छोड़ा गया पानी देर शाम लखौली पुल पार करते हुए नहरों में बहता नजर आया, जिसकी कलकल ध्वनि से ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। अब न केवल तालाबों के भरने की उम्मीद है, बल्कि भूजल स्तर बढ़ने से पेयजल संकट में भी राहत मिलेगी। खास बात यह है कि वर्तमान में क्षेत्र में शादी-विवाह का सीजन जोरों पर है। ऐसे में पानी की उपलब्धता से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। विवाह समारोहों, बारातों और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए पानी की समस्या अब काफी हद तक कम हो जाएगी, जिससे लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए शासन-प्रशासन और संघर्ष करने वाले जनप्रतिनिधियों का आभार जताया है। अब उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही आरंग के सूखे तालाब लबालब नजर आएंगे और भीषण गर्मी के बीच यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए किसी जीवनदान से कम नहीं होगी।

# किसान फ्यूल प्वाइंट पेट्रोल पंप शुरू होने से राहत



**आरंग।** शुक्रवार को आरंग राजिम मार्ग पर स्थित ग्राम भिलाई चरौदा के बीच मुख्य मार्ग पर इंडियन ऑयल का किसान फ्यूल पाइंट/" पेट्रोल पंप का शुभारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र व आसपास के गांव के लोग उपस्थित होकर पेट्रोल पंप के शुभारंभ के साक्षी बने।पंप का शुभारंभ उपस्थित जनसमुदाय ने एक साथ आसमान में बलून उड़ाकर किया।इस मौके पर बस्तर के /"जय जंगो रायतर मांदरी नृत्य दल/" की शानदार प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा। फ्यूल पाइंट के संचालक किसान नेता पारसनाथ साहू ने शुभारम्भ में पहुंचे विशाल जनसमुदाय का आभार जताते हुए कहा मैं स्वयं एक कृषक हूं। किसानों की समस्याएं और दर्द बखूबी समझता हूं। इसीलिए इस फ्यूल पाइंट का नाम किसान फ्यूल पाइंट रखा है।लोगों को बेहतर से बेहतर सेवाएं देना हमारे फ्यूल पाइंट की प्रथम प्राथमिकता होगी। वहीं क्षेत्र व आसपास के गांव से पहुंचे जनप्रतिनिधियों और लोगों ने अपने -अपने विचार साझा करते हुए कहा क्षेत्र में फ्यूल पाइंट खुलने से लोगो को काफी राहत मिलेगी। लोगो को फ्यूल के लिए आने-जाने में लगने वाले समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य घनश्याम टंडन, प्रवीण साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेश देवांगन, भानुप्रताप साहू, पूर्व आरंग टीआई बोधन साहू, किसान नेता गोविंद चंद्राकर, थानसिंग साहू, झनकराम आवडे, श्रवण चंद्राकर, ईश्वरी साहू, मोहन चंद्राकर, देवशरण धीवर सरपंच चरौदा, घसियाराम साहू सरपंच रींवा, हिरामन साहू सरपंच लखौली, तुलसराम साहू, समाजसेवी महेन्द्र कुमार पटेल, कोमल लाखोटी सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांव के नागरिकों व किसानों की उपस्थिति रही।

## आरंग क्षेत्र को 8.57 करोड़ की दो बड़ी सड़कों की सौगात मिली

**आरंग।** मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग के निर्देशों के बाद आरंग विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति तेज हो गई है। कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप शासन ने क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के लिए कुल 857.40 लाख की प्रशासकीय और संशोधित स्वीकृति जारी कर दी है। इन परियोजनाओं से दर्जनों गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। 1. बनरसी से परसकोल मार्गः 583.76 लाख की मंजूरी रायपुर जिले के आरंग विकासखंड के अंतर्गत बनरसी से परसकोल मार्ग (लंबाई 3.40 कि.मी.) के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग (PWD) ने 583.76 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्य विशेषताएंः इस परियोजना में सड़क के साथ-साथ आवश्यक पुल-पुलियों का निर्माण भी शामिल है।



समय-सीमा और गुणवत्ताः शासन ने स्पष्ट किया है कि कार्य को निर्धारित समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करना अनिवार्य होगा। पारदर्शिताः निविदा प्रक्रिया प्रमुख अभियंता कार्यालय के माध्यम से पूरी तरह पारदर्शी रखी जाएगी। 2. चकवे से परसदा मार्गः बजट में वृद्धि, अब 2.73 करोड़ से होगा निर्माणः विधायक के हस्तक्षेप और तकनीकी सुधारों के बाद चकवे से परसदा मार्ग (लंबाई 2.00 कि.मी.) के लिए संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। संशोधन का कारणः पूर्व में स्वीकृत 217.53 लाख की राशि में लिपिकीय त्रुटि सुधार और वास्तविक लागत के आधार पर इसे बढ़ाकर अब 273.64 लाख कर दिया गया है।

# तलवार लहराकर धमकाने के आरोप में युवक जेल दाखिल

**धरसींवा।** क्षेत्र के कुरा स्थित देशी शराब दुकान के पास हाथ में नंगी तलवार लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को धरसींवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक शराब दुकान आने-जाने वाले लोगों को डराकर उनसे शराब पिलाने की मांग कर रहा था, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार तलवार बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को धरसींवा पुलिस की टीम पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुरा स्थित देशी शराब दुकान के पास एक लंबे बालों वाला युवक नीले रंग की शर्ट पहने हाथ में तलवार लिए लोगों को धमका रहा है। वह बीच सड़क पर तलवार लहराते हुए चिल्ला रहा था कि /"मुझे शराब पिलाओ, नहीं तो सबको मार डालूंगा।/" इस हरकत से वहां मौजूद लोग बुरी तरह भयभीत हो गए थे।

## फर्जी पट्टे के मामले में पूर्व सरपंच और आरोपियों की जमानत याचिक खारिज

**चंदखुरी।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गोढ़ी में हुए चर्चित 'फर्जी पट्टा वितरण' मामले में फरार चल रहे आरोपियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पूर्व सरपंच गोपाल धीवर और सचिव रामाधार रात्रे, पूर्व उपसरपंच गोपाल दास जाँगड़े, ग्रामसभा अध्यक्ष रेन लाल रात्रे, ग्रामसभा उपाध्यक्ष मुरली ध्रुव समेत पांच आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद, आरोपियों ने रायपुर सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए गुहार लगाई थी। हालांकि, मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने उनकी याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है। अब पुलिस के पास आरोपियों को गिरफ्तार करने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।विदित हो कि ग्राम पंचायत गोढ़ी में पूर्व कार्यकाल के दौरान शासकीय भूमि पर नियम-कायदों को ताक पर रखकर फर्जी तरीके से पट्टा वितरण करने का सनसनीखेज मामला सामने आया था। जांच में पाया गया कि पद का दुरुपयोग करते हुए अपात्र लोगों को लाभ पहुँचाया गया, जिससे शासन को बड़ी क्षति हुई है। इस मामले में पुलिस ने धारा 420, 467, 468 और 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोर्ट से राहत न मिलने के बाद अब शिकायतकर्ता ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि आरोपी खुलेआम कानून का मजाक उड़ा रहे हैं और पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

## भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

# श्री हनुमान जन्मोत्सव में मंत्री ने श्रद्धालुओं के साथ किया नृत्य

**आरंग।** क्षेत्र के ग्राम गुल्लू में हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। गुरुवार को आयोजित इस पावन उत्सव में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा, जहाँ छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। अतिथियों ने गांव के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और बजरंगबली से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि पवनपुत्र हनुमान साहस, शक्ति और अटूट भक्ति के जीवंत प्रतीक हैं। वे अष्ट सिद्धि और नव निधि के दाता हैं, जो भगवान राम के अनन्य भक्त होने के साथ-साथ अपने शरण में आए भक्तों के समस्त कष्टों और भय को दूर कर उन्हें आत्मबल प्रदान करते हैं। वहीं मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू ने हनुमान जी को बल, बुद्धि और विद्या का केंद्र बताते हुए उन्हें संकटमोचन के रूप में याद किया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण तब देखने को मिला जब आत्मीय संवाद के पश्चात कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और देवनाथ साहू भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आए। भक्ति गीतों की धुन पर मंत्री ने आम श्रद्धालुओं के साथ जमकर नृत्य किया और झूमते हुए गुल्लू गांव की गलियों का भ्रमण किया। अपने जनप्रिय नेता को इस तरह सहज भाव में अपने बीच पाकर ग्रामीणों का उत्साह दोगुना हो गया। इस गरिमामयी आयोजन में मंडल मंत्री पुष्पा यादव, सह मीडिया प्रभारी शीतल बंजारे, पूर्व मंडल मंत्री अशोक यादव, उपसरपंच योगेश्वर साहू सहित रेवा राम साहू, मोहित पटेल, विजय साहू, भोला राम, रोहित पटेल, ऋतिक साहू, तेजराम यादव एवं भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव का यह उत्सव चर्चा का विषय बना रहा।



### हनुमान जयंती पर पूजा-अर्चना की और शोभायात्रा निकाली

**कूंरा।** हनुमान जयंती के पावन पर्व पर आज विधायक अनुज शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अनेक स्थानों पर आयोजित भव्य शोभायात्राओं और भंडारा,धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर क्षेत्रवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ग्राम चरौदा, धरसीवां में आयोजित हनुमान जयंती के शोभायात्रा व ग्राम चिखली व सिलतरा में आयोजित भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ में हिस्सा लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं के उत्साह और भक्तिभाव को देख विधायक स्वयं भी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने रथ की पूजा-अर्चना की और गदाधारी हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की जनता की सुख-शांति और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान शोभायात्रा के मार्ग में ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया। कई स्थानों पर आयोजन समितियों द्वारा उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत ही छत्तीसगढ़ की पहचान : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

भारतीय जनता पार्टी अभनपुर मंडल प्रशिक्षण वर्ग के दौरान पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी विविधता, प्राचीन परंपराओं और जनजातीय जीवनशैली के कारण विश्वभर में विशेष पहचान रखता है। श्री साहू ने बताया कि राज्य की लोक कलाएं, पारंपरिक संगीत और ऐतिहासिक धरोहरें इसकी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाती हैं।

यहां विभिन्न समुदायों द्वारा त्योहारों और उत्सवों के अवसर पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं, जो सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक हैं।

उन्होंने छत्तीसगढ़ के कारीगरों की कला दक्षता का उल्लेख करते हुए कहा कि ढोकरा शिल्प, कोसा रेशम, लौह शिल्प और टेराकोटा जैसी पारंपरिक कलाएं प्रदेश की विशेष पहचान हैं। साथ ही यहां के पर्व-त्योहार प्रकृति और कृषि से जुड़े हुए हैं, जिनमें हरेली और छेरछेरा प्रमुख हैं।

पूर्व मंत्री साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में अनेक प्राचीन मंदिर और पुरातात्विक स्थल मौजूद हैं, जो इसकी अद्भुत वास्तुकला और गौरवशाली इतिहास को दर्शाते हैं। सिरपुर, आरंग, रतनपुर और राजिम जैसे स्थान धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। खानपान की चर्चा करते हुए उन्होंने चीला, फरा, मुठिया और बोर बासी जैसे पारंपरिक व्यंजनों को छत्तीसगढ़ की पहचान बताया।



15 कला के प्रति समर्पण और व्यक्तिगत....


**एजुकेशन अलर्ट**

## अग्निवीर एमआर म्यूजिशियन के पदों पर आवेदन 11 अप्रैल से




**रायपुर।** इंडियन नेवी की ओर से अग्निवीर एमआर म्यूजिशियन के पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। जो उम्मीदवार इंडियन नेवी में बतौर एमआर म्यूजिशियन के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों के लिए इन पदों पर आवेदन करने का एक सुनहरा मौका है। जारी अधिसूचना के तहत अग्निवीर एमआर म्यूजिशियन के पदों पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 अप्रैल 2026 से शुरू हो जाएंगे। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार इन पदों पर 26 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर एमआर म्यूजिशियन के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों का जन्म 1 जुलाई, 2004 से लेकर 31 दिसंबर 2008 के बीच हुआ होना चाहिए।

### दसवीं न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी

आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा दसवीं न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके साथ ही इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को हिंदुस्तानी संगीत का अनुभव होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 30,000 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। अग्निवीर एमआर म्यूजिशियन के पदों पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 अप्रैल से शुरू होने वाली है। ऐसे में उम्मीदवारों की सहायता के लिए यहां ऑनलाइन आवेदन करने के आसान स्टेप्स बताए गए हैं, जिसे फॉलो करके उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए उम्मीदवारों को सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर जाकर विजिट करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन अप्लाई लिंक पर क्लिक करें। अब मांगी गई सभी जानकारी को ध्यान से दर्ज कर लें। इसके बाद जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी को अपलोड करें। फॉर्म भरने के बाद इसका एक प्रिंटआउट भी अवश्य निकाल ले।

**सिटी इवेंट**

## नटरंग महोत्सव का शुभारंभ, देशभर के कलाकार बिखेरेंगे अपनी प्रतिभा का जलवा



**रायपुर।** संगीता कला अकादमी द्वारा आयोजित नटरंग-कला एवं संस्कृति महोत्सव का शुभारंभ रंग मंदिर ऑडिटोरियम में हुआ। यह महोत्सव 8 अप्रैल तक आयोजित है। महोत्सव में देशभर के प्रतिभागियों को अपनी कला प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विधाओं को शामिल किया गया है, जिनमें शास्त्रीय नृत्य (कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, ओडिसी, मोहिनीअट्टम, रवींद्र संगीत आदि), गैर-शास्त्रीय नृत्य (सेमी-क्लासिकल, वेस्टर्न, बॉलीवुड, फोक, लावणी), तथा वोकल एवं वाद्य संगीत (शास्त्रीय, सेमी-क्लासिकल, देशभक्ति, बॉलीवुड, रॉक एवं वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट्स) शामिल हैं।

### उत्कृष्ट प्रतिभाओं का होगा सम्मान

इसके अतिरिक्त पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। सब-जूनियर वर्ग के लिए लैंडस्केप विषय निर्धारित किया गया है, जबकि जूनियर, सीनियर एवं ओपन वर्ग के लिए "इनक्रेडिबल छत्तीसगढ़" एवं हमर छत्तीसगढ़" विषय रखे गए हैं। महोत्सव में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए विशेष पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। "गुरु द्रोण-अर्जुन अवार्ड" सहित अन्य सम्मान केवल शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत एवं शास्त्रीय वाद्य विधाओं के प्रतिभागियों के लिए लागू होंगे।

● समापन पर बस्तर और मुंबई के कलाकारों ने दी प्रस्तुति, डांस में करतब से सभी को किया हैरान

# देशभर के खिलाड़ियों ने कहा-10 दिनों में अब अपना-सा लगने लगा है छत्तीसगढ़, अच्छी यादें लेकर लौट रहे घर



*खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का शुक्रवार को शानदार समापन हुआ। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुए समारोह में छत्तीसगढ़ और मुंबई के कलाकारों ने मनमोहक एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इन ट्राइबल गेम्स में 10 दिनों तक 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 'हरिभूमि' ने विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि इन गेम्स के साथ ही अब छत्तीसगढ़ से उनका रिश्ता मजबूत हो गया है। 10 दिनों में न केवल उन्हें छत्तीसगढ़ी भाषा की समझ हुई, बल्कि यहां की कला और संस्कृति से जुड़ने का अवसर भी मिला।*

**रायपुर।** असम के खिलाड़ी सेमर वांच ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब हमारे कई नए दोस्त बन चुके हैं। मैं और मेरे साथी यहां से बहुत अच्छे अनुभव लेकर अपने घर जाएंगे। वहीं ओडिशा, झारखंड और कर्नाटक के खिलाड़ियों ने बताया कि हर राज्य की अपनी खास बात होती है। छत्तीसगढ़ में यहां के खानपान, पर्यटन और खेल को करीब से समझने का मौका मिला। यहां के खेल का स्तर भी हमारे राज्य की तुलना में काफी अच्छा है। हम अपनी कुछ कमियों को अब छत्तीसगढ़ से सीखकर दूर करेंगे। खिलाड़ियों ने कहा कि 10 दिन का लंबा समय लोगों और शहर को समझने के लिए पर्याप्त होता है; इन गेम्स के साथ ही अब छत्तीसगढ़ हमें अपना-सा लगने लगा है।

### माड़िया-गौड़ नृत्य में जीवंत हुई बस्तर की संस्कृति

समापन समारोह का भव्य आगाज बस्तर के कलाकारों की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। मंच पर 'माड़िया-गौड़' कलाकारों ने अपने लोकनृत्य से बस्तर की आदिम और समृद्ध संस्कृति को जीवंत कर दिया। सिर पर बारहसिंगा के सींगों से सजा आकर्षक मुकुट धारण किए जब कलाकारों ने पारंपरिक आदिवासी वाद्ययंत्रों की थाप पर अपनी प्रस्तुति दी तो पूरा ऑडिटोरियम मंत्रमुग्ध हो गया। छत्तीसगढ़ की माटी की इस अनूठी लोककला और ऊर्जा से भरे पारंपरिक आदिवासी नृत्य ने वहां मौजूद देशभर के खिलाड़ियों और दर्शकों का मन मोह लिया।







### 3800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में दिखाया हुनर

इस उद्घाटन संस्करण में 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 3800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा के दौरान अपना हुनर दिखाया। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मलखंब और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। कुल 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने पदक तालिका में जगह बनाई, जिनमें से 20 ने कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जो देशभर में प्रतिभा के व्यापक प्रसार को दर्शाता है। महाराष्ट्र 6 स्वर्ण, 10 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा, जबकि अरुणाचल प्रदेश 6 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पांच में शामिल रहा।



### देश रंगीला... पर झूमे खिलाड़ी

कार्यक्रम में मुंबई की गर्ल्स टीम ने मंच पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। यह खास प्रस्तुति विशेष रूप से खिलाड़ियों को समर्पित थी। अपनी 5 मिनट की भावपूर्ण डांस प्रस्तुति के जरिए कलाकारों ने खिलाड़ियों के कड़े संघर्ष, उनके जज्बे और जीत की खुशी को बेहद खूबसूरती से मंच पर उकेरा। इस प्रस्तुति ने ऑडिटोरियम में मौजूद सभी खिलाड़ियों का जमकर उत्साहवर्धन किया। नृत्य के अलावा, समारोह के दौरान वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों पर छत्तीसगढ़ के राज्यगीत, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत की भी शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे माहौल को देशभक्ति और गौरव के रंग में रंग दिया।

### इंसानी पिरामिड और गजब के संतुलन ने किया रोमांचित

इंडियाज गॉट टैलेंट फेम कलाकारों की प्रस्तुति ने ऑडिटोरियम में मौजूद सभी दर्शकों को हैरान कर दिया। अपनी 10 मिनट की ऊर्जावान प्रस्तुति के दौरान इन 12 कलाकारों ने मंच पर डांस के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाए। देशभक्ति गीतों की धुन पर कलाकारों ने एक के ऊपर एक चढ़कर अपने शानदार लचीलेपन और संतुलन का प्रदर्शन किया। जब एक कलाकार ने दूसरे साथी को केवल अपने एक हाथ पर उठाया तो उनका यह अद्भुत संतुलन और ताकत देखते ही बन रही थी। हाथों में तिरंगा झंडा थामकर कलाकारों ने हवा में एक ऊंचा इंसानी पिरामिड बनाया। उनकी इस हैरतअंगेज और अनोखी प्रस्तुति ने पूरे माहौल में जोश और देशभक्ति का जज्बा भर दिया।



## मैरी कॉम और बाइचुंग भूटिया ने कहा- बच्चों को पहले स्क्रीन टाइम से दूर रखें, फिर बनेंगे चैंपियन




खेलो इंडिया के समापन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता एमसी मैरी कॉम और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने हरिभूमि' से खास बातचीत की। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल से खेलों का स्तर बढ़ा है। दोनों ही खिलाड़ियों ने जमीनी स्तर पर निवेश और संरचित विकास प्रणाली के महत्व पर जोर दिया। बाइचुंग भूटिया ने कहा कि आज अगर कोई अभिभावक चाहता है कि उसका बच्चा किसी खेल में चैंपियन बने तो उसे सबसे पहले स्क्रीन टाइम से दूर रखें और अभी से खेलने के लिए मैदान में भेजना शुरू कर दें। अपने करियर को याद करते हुए उन्होंने बताया कि उस समय जब खेल का ढांचा विकसित हो रहा था, तब भारतीय खेल प्राधिकरण ने युवा खिलाड़ियों को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मैं खुद साई का प्रोडक्ट रहा हूं, 1986 के पहले बैच का साई प्रोडक्ट। जमीनी स्तर पर निवेश करना बहुत जरूरी है, लेकिन हम अक्सर इसे नजरअंदाज कर देते हैं और केवल शीर्ष स्तर पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। भूटिया ने खेलों की पिरामिड संरचना के आधार को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, खासकर आदिवासी क्षेत्रों में, लेकिन उसे निखारने के लिए सही माहौल और व्यवस्था की जरूरत होती है।

### माहौल और अवसर की महत्वपूर्ण भूमिका

बाइचुंग भूटिया ने कहा कि आदिवासी समुदायों में स्वाभाविक रूप से खेल प्रतिभा बहुत अधिक होती है। युवाओं को मंच देना बहुत जरूरी है। मुझे लगता है कि आने वाले समय में आदिवासी समुदायों से और भी अधिक खिलाड़ी उभरकर सामने आएंगे। भूटिया ने यह भी बताया कि किसी खिलाड़ी के विकास में माहौल और अवसर की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए वे बोले, देखिए, जब मैं अपने बारे में बात करता हूं, तो हमेशा कहता हूं कि जब आप पूर्वोत्तर से होते हैं तो आप दो ही चीजें करते हैं फुटबॉल या संगीत। यही मेरा माहौल था। बचपन में मेरे आसपास के बच्चे कोई और खेल नहीं खेलते थे। सिक्किम में हर गांव और हर कस्बे में फुटबॉल एक संस्कृति की तरह था।

### पहले मंच नहीं मिलते थे, अब जागरूकता आएगी

मैरी कॉम ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की सराहना की और इसे एक परिवर्तनकारी पहल बताया, जो लंबे समय से चले आ रहे अवसर और जागरूकता की कमी को दूर कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे आदिवासी समुदायों में अपार क्षमता है। पहले उन्हें इस तरह के मंच नहीं मिलते थे और न ही पर्याप्त जागरूकता थी। शायद यही कारण था कि कई प्रतिभाशाली बच्चे आगे नहीं बढ़ पाए। सरकार द्वारा समर्थित कार्यक्रमों ने अब परिदृश्य को बदलना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, खेलो इंडिया और फिट इंडिया कार्यक्रमों की बदौलत बच्चे धीरे-धीरे आगे आ रहे हैं, खेलों में भाग ले रहे हैं और देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह भारत के खेलों के भविष्य के लिए बहुत बड़ी बात है। मैरी कॉम ने कहा कि भले ही अवसर बढ़े हैं, लेकिन सफलता के लिए अनुशासन और धैर्य सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से अपील की कि वे उपलब्ध सुविधाओं का पूरा लाभ उठाएं।

**ब्रह्माकुमार महेश ने अपने आध्यात्मिक अनुभव किए साझा**

# ब्रह्माकुमारी वट वृक्ष की तरह सभी को शीतल छाया देकर विश्व के पांचों महाद्वीपों में दे रहीं सेवाएं, ब्रह्मा बाबा की दिखाई फिल्म

**कार्नर न्यूज**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सिंधी समाज का आध्यात्मिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें विशेष रुप से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुरके ब्रह्माकुमार महेश ने अपने आध्यात्मिक अनुभव साझा कर सिंध वर्तमान पाकिस्तान से माउंट आबू से विश्व के पांचों महाद्वीपों में ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थापना और वहां दे रही सेवाओं से सभी को अवगत कराया।



**रायपुर।** ब्रम्हकुमारी संस्था आज जाति बंधन और संस्कृति के बंधनों को तोड़कर पूरे विश्व को एक विशाल वट वृक्ष समान वसुदेव कुटुंब के रूप में शीतल छाया प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगो को मेडिटेशन कराया गया। इस सिंधी समाज के आध्यात्मिक कार्यक्रम में समाज से जुड़े पदाधिकारी तथा सदस्यों ने सह परिवार उपस्थित रह कार्यक्रम का लाभ लिया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों, ब्रह्माकुमार महेश भाई और राजयोगिनी आशा दीदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। जिसके बाद डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मनमोहक प्रस्तुति दी गई।



### ब्रह्माकुमारी वट वृक्ष की तरह, जो सबको छाया देती है

भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया कि संस्था की वरिष्ठ राजयोगिनी दादियां और दीदियों ने जो इस यज्ञ संस्था की शुरुआत की वह आज जाति बंधन और संस्कृति के बंधनों को तोड़कर पूरे विश्व को एक विशाल वट वृक्ष समान वसुदेव कुटुंब के रूप में शीतल छाया प्रदान कर रहा है। उन्होंने सिंधी समाज को संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू राज पर्वत आने के निमंत्रण दिया, जिसे समाज के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों ने बड़ी दीदी से परमात्म निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया।

### कराया राजयोग मेडिटेशन

सिंधी समाज के सदस्यों का डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसके पश्चात संस्था के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा के जीवन पर आधारित भाग्यविधाता फिल्म दिखाया गया। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन के बारे में विस्तार पूर्वक बताकर इसका अभ्यास कराया।

## सिटी लाइव

# छत्तीसगढ़ की बोलियां मुकुट में जड़ित रत्नमणि की तरह अनूठी



रायपुर। साहित्य अकादमी और संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा साहित्योत्सव-2026 का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 30 मार्च से 4 अप्रैल तक रविंद्र भवन नई दिल्ली में किया गया है। साहित्योत्सव में छत्तीसगढ़ की महिला साहित्यकार शकुंतला तरार ने छत्तीसगढ़ की बोलियां, उनके संरक्षण, संवर्धन और विस्तार पर अपने सारगर्भित विचार प्रकट करते हुए कहा कि भाषा जहां माथे का मुकुट होती है तो वहीं छत्तीसगढ़ की बोलियां उस मुकुट में जड़ति रत्न मणियां होती हैं, जो भाषा रूपी मुकुट को सुंदरता और मजबूती प्रदान करती हैं। साहित्यकार शकुंतला विगत 2014 से अकादमी के कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी और विविध लोकभाषा, बोलियों पर अपनी बात मजबूती से रखती आई हैं। उन्होंने कहा कि भाषा के अंतर्गत आने वाली विभिन्न क्षेत्रीय बोलियां, जैसे छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंडी, कुडुख, भतरी, बंजारी, मुरिया, माड़िया, धुरवा, दोरला, कोरवा, बैगानी, भुंजिया, धनवारी, सावरा आदि उस मुकुट में जड़ी हुई रत्नों या मणियों के समान हैं। जिस प्रकार रत्न मुकुट की शोभा और मूल्य बढ़ाते हैं, उसी प्रकार बोलियां मूल भाषा को समृद्ध, जीवंत और विविधतापूर्ण बनाती हैं। एक रत्न की अपनी चमक और विशेषता होती है, वैसे ही हर बोली का अपना अनूठा लहजा, लोकगीत और शब्दकोश होता है, जो भाषा को अधिक प्रभावशाली और समृद्ध बनाता है।

### स्थानीय बोलियों में कक्षा 1 से 5 तक शिक्षा का प्रावधान

शकुंतला तरार ने अपने वक्तव्य में बताया कि मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स द्वारा छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों में कुल मिलाकर 18 स्थानीय बोलियों में कक्षा 1 से 5 तक शिक्षा का प्रावधान किया गया है, जिनमें छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंडी, कुडुख, भतरी, बंजारी, मुरिया, माड़िया, धुरवा, दोरला, कोरवा, बैगानी, भुंजिया, धनवारी, सावरा आदि बोलियां हैं। अतः संभवतः इन सभी बोलियों का मानकीकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बोलियां समाज का दर्पण होती हैं।

## इवेंट लाइव

# उत्साह और एकजुटता के संग मना बीएमएस का फाउंडेशन डे



रायपुर। महिला समाज का फाउंडेशन डे सेक्टर-10 ए क्लब में उत्साह, उमंग और महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्याओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान सदस्याओं के लिए कई मनोरंजक गेम्स भी खेले गए। कार्यक्रम में ट्विनसिटी की सक्रिय महिलाओं की विशेष रुप से उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से महिलाओं ने एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया। फाउंडेशन डे के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्वेता वर्मा और संगीता का स्वागत क्लब की सदस्याओं द्वारा पारंपरिक ढंग से किया गया।

### महिला समाज के कार्यों की सराहना

महिला समाज के फाउंडेशन डे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कोर कमेटी की सदस्य सोनाली रथ, चैती पॉल, शिखा जैन, रीता तिवारी और रुखसाना शेख ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सदस्याओं का उत्साह वर्धन किया। आयोजन में क्लब कमेटी की रजनी बिजुरकर, जेसी और मृदुला शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही। क्लब की सभी पदाधिकारियों ने भिलाई महिला समाज के कार्यों की सराहना की।कार्यक्रम का सांस्कृतिक पक्ष भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने सभी को नाचने-झूमने को मजबूर किया। संगीता, सोना, अर्चना और मीनाक्षी ने अपने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

## धर्म लाइव

# रुद्र सेना-रुद्र शक्ति ने लिया सनातन की रक्षा और वैदिक संस्कृति के पुनर्स्थापन का संकल्प



रायपुर। हनुमान जयंती के अवसर पर एक ऐतिहासिक पहल के तहत रुद्र सेना एवं रुद्र शक्ति के पोस्टर का भव्य विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, खाद्य आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने संयुक्त रूप से पोस्टर का विमोचन किया। पोस्टर विमोचन व हनुमान जयंती के अवसर पर रुद्र सेना एवं रुद्र शक्ति संगठन ने सनातन धर्म की सेवा, मठ-मंदिरों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार एवं वेद-उपनिषदों की महान परंपरा को पुनः समाज में स्थापित करने का संकल्प लिया। रुद्र सेना युवकों को धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभाव से जोड़ने के लिए बनाया गया है। वहीं रुद्र शक्ति से युवतियों को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक सशक्तिकरण हेतु जोड़ा जाएगा।

### सनातन का पुनर्जागरण समय की मांग

संयोजक महंत सुरेंद्रदासजी ने कहा कि रुद्र सेना और रुद्र शक्ति केवल संगठन नहीं, बल्कि सनातन के पुनर्जागरण का एक विराट आंदोलन है। आज समय की मांग है कि हम अपनी जड़ों की ओर लौटें और मठ-मंदिरों को केवल पूजा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति और राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनाएं। धर्म स्तंभ कौंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि आने वाले समय में लाखों युवाओं को सनातन धर्म, वेद-उपनिषद और भारतीय संस्कृति से जोड़ा जाए। रुद्र सेना और रुद्र शक्ति के माध्यम से हम समाज में आध्यात्मिक चेतना का ऐसा जागरण करेंगे, जो राष्ट्र निर्माण की नई दिशा तय करेगा। यह अभियान मठ-मंदिरों की स्वायत्तता और संरक्षण के लिए भी निर्णायक भूमिका निभाएगा।

## हिंदी रंगमंच दिवस पर महाराष्ट्र मंडल और रंगभूमि का जीवंत नाट्य मंचन

# कला के प्रति समर्पण और व्यक्तिगत जीवन में अभावों को झेलते कलाकार की 'टीस' ने दर्शकों को झकझोरा

हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर मंचित नाटक टीस में रंगकर्मी के कला के प्रति समर्पण और व्यक्तिगत जीवन में अभावों का द्वंद्व दिखा। नाटक के पात्र कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से एक समर्पित रंगकर्मी के संघर्षपूर्ण जीवन को चित्रित करते हुए उनकी आर्थिक तंगी, पारिवारिक उपेक्षा और सामाजिक अलगाव की वेदना को उजागर किया।









रायपुर। शुक्रवार को शाम 7.30 बजे संत ज्ञानेश्वर सभागृह, चौबे कॉलोनी में महाराष्ट्र मंडल और रंगभूमि रायपुर की टीम द्वारा स्व. डॉ. कुंजबिहारी शर्मा की जन्मतिथि को पुण्य स्मरण करते हुए हिंदी नाटक 'टीस' का मंचन किया गया। नाटक में दिखाया गया कि कैसे एक रंगकर्मी अपनी कला के लिए जुनून में अक्सर आर्थिक तंगी झेलता है। नाटक या शो से मिलने वाली आय इतनी कम होती है कि घर चलाना मुश्किल हो जाता है, जिससे परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। रंगकर्मी का अधिकांश समय रिहर्सल और नाटकों में बीतता है, जिससे वे अपने परिवार को समय नहीं दे पाते। समाज भी अक्सर थिएटर को फुल टाइम करियर नहीं मानता, जिससे कलाकार को उपेक्षा और सामाजिक असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। कलाकार कला को जीवित रखने के लिए अपनी पारिवारिक जरूरतों और सुख-सुविधाओं का बलिदान कर देता है। निरंतर संघर्ष, अभाव और समाज की बेरुखी के कारण रंगकर्मी के मन में एक निरंतर 'टीस' बनी रहती है, जो उसके अस्तित्व पर ही सवाल उठाती है। संक्षेप में नाटक रंगमंच की चकाचौंध के पीछे छिपे कलाकार के वास्तविक, दर्दनाक और संघर्षशील जीवन का एक सच्चा आईना बयां करता है।

### नाटक के कलाकार

आचार्य रंजन मोडक ने बताया कि टीस नाटक में बाबूजी का पात्र प्रांजल सिंह राजपूत, रजत का पात्र आकाश वरठी, मीना का पात्र ट्विंकल परमार, बलवंत का पात्र प्रभात साहू, निर्देशक का पात्र चंचल ध्रुव, लेखक की पत्नी का पात्र रंजना ध्रुव, महेंद्र का पात्र भूपेंद्र साहू ने निभाया। वहीं नाटक की परिकल्पना आचार्य रंजन मोडक ने की है। लेखन लोकेश रंजन और निर्देशन लोकेश साहू ने किया है।

### कविता शबरी, किवाड़ और जिंदगी का जीवंत मंचन

टीस नाटक की प्रस्तुति से पहले तीन कविताओं की प्रस्तुति दी गई। इसमें प्रथम बंदना ठाकुर द्वारा लिखित कविता शबरी को कलाकार चंचल ध्रुव ने जीवंत किया। वहीं डॉ. गौरव सिंह की वॉल से ली गई कविता किवाड़ को डॉ. विकास अग्रवाल और भूपेंद्र साहू ने मंच पर अपने प्रभावशाली अभिनय से उतारा। साथ ही कवयित्री निधि नरवाल की कविता जिंदगी को अक्षदा मातुरकर ने प्रस्तुत किया।

### स्मरण रंगकुंज का विमोचन

नाटक के मंच पर स्व. डॉ. कुंजबिहारी शर्मा की जन्मतिथि पर पुण्य स्मरण को संजोई गई पत्रिका रंगकुंज का विमोचन भी किया गया। इसके बाद रंगकुंज प्रसंग पर ख्यातिलब्ध नाट्यकार अख्तर अली, वरिष्ठ कवि सुधीर कुमार सोनी, वरिष्ठ कला समीक्षक राजेश गनोदवाले और महाराष्ट्र मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने संबोधित किया।

## गर्मी की छुट्टी...उद्यानों में लौटी रौनक

रायपुर। गर्मी की छुट्टी के साथ ही हरे-भरे उद्यानों में बच्चों की चहल-पहल बढ़ गई है। झूलों और खेल क्षेत्रों में इन दिनों बच्चों की भीड़ देखने को मिल रही है, जहां वे छुट्टियों का भरपूर आनंद उठा रहे हैं।







# सुरजन ने पत्रकारिता की विरासत को निष्पक्ष लेखनी से दिए नए आयाम



राचपुर। इंटैक रायपुर चैप्टर द्वारा पत्रकारिता की विरासत और ललित सुरजन विषय पर व्याख्यान का आयोजन शुक्रवार को शाम 5 बजे विमतारा सेमीनार मिनी हॉल न्यू शांतिनगर में किया गया। व्याख्यान समारोह की अध्यक्षता शहर के वरिष्ठ कवि अरुणकांत शुक्ला ने की। वहीं बतौर मुख्य वक्ता नथमल शर्मा अध्यक्ष, छग प्रगतिशील लेखक संघ बिलासपुर, डॉ. सत्यभामा ऑडिल प्रसिद्ध लेखिका रायपुर, अरविंद मिश्र संयोजक इंटैक छत्तीसगढ़, डॉ. राहुल सिंह पुरातत्वेता व साहित्य लेखक, जीवेश चौबे कवि रायपुर शामिल हुए। डॉ. सत्यभामा ऑडिल ने पत्रकारिता की विरासत और ललित सुरजन विषय पर अपने व्याख्यान में ललित सुरजन के व्यक्तित्व और उनके पत्रकारीय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ललित सुरजनजी को जो पत्रकारिता विरासत में मिली, उन्हें वे अपनी निष्पक्ष लेखनी और जनसरोकार, सिद्धांतों के साथ ऊंचाईयों पर ले गए और नया आयाम दिया। उनके सानिध्य में पत्रकारिता की बारीकियां सीखकर युवा पत्रकारों ने देश-प्रदेश में अपनी पहचान बनाई। वे और उनकी पत्रकारिता की विरासत युवा पत्रकारों के लिए एक पाठशाला रही। उन्होंने अपनी और ललित सुरजन के छात्र जीवनकाल तथा बचपन की यादों को बयां किया। आगे बताया कि ललित सुरजन को छत्तीसगढ़ी व्यंजन खूब पसंद थे। घर-परिवार के सदस्यों से लेकर काम करने वाले सदस्यों के साथ सहज और आत्मीय व्यवहार रखते थे। पत्रकारिता उन्हें विरासत में मिली और उन्होंने पत्रकारिता जगत में अपनी एक खास जगह स्थापित किया।

### समाज और प्रशासन को हमेशा सजग व जागरूक किया

कार्यक्रम में नथमल शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ बिलासपुर ने पत्रकारिता विरासत और ललित सुरजन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि ललितजी ने पत्रकारिता की विरासत को नई पीढ़ी के पत्रकारों के लिए प्रेरणा का आधार बनाया। पत्रकारिता के क्षेत्र में ललितजी का नाम एक पुरोधा के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। देश-प्रदेश के तत्कालीन घटनाक्रमों पर उनकी लेखनी समाज व प्रशासन को हमेशा सजग व जागरूक करती रही। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. राकेश कुमार तिवारी संयोजक इंटैक रायपुर चैप्टर ने किया। कार्यक्रम में डॉ. लोकेश सिन्हा सहायक संयोजक इंटैक, कुलेश्वर साहू सहित इंटैक रायपुर चैप्टर के सदस्य और विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## फूल और कई दूसरी यूनिक डिजाइन के साथ ही कम बजट में परफेक्ट ज्वेलरी ऑप्शन

# गर्ल्स को भा रही लाइटवेट सिल्वर ज्वेलरी में एंकलेट, पायल, टॉप्स और ब्रेसलेट की खनक

**कार्नर न्यूज**

गर्ल्स में सिल्क, मिनिमल और कम्फर्टेबल डिजाइन ज्वेलरी काफी ट्रेंड कर रही है। आजकल की गर्ल्स को हैवी नहीं, बल्कि लाइटवेट ज्वेलरी से सजना-संवरना भा रहा है। यही वजह है कि शहर की ज्वेलरी शॉप में लाइटवेट सिल्वर ज्वेलरी में खासतौर पर एंकलेट, पायल में ऐसी डिजाइन तैयार की जा रही है, जो ऑफिस, कॉलेज और डेली वियर तीनों में परफेक्ट बैठे।







रायपुर। इसी ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए स्लीक सिल्वर एंकलेट डिजाइंस वर्किंग लेडीज से लेकर यंग गर्ल्स तक की पहली पसंद बन रही है। ये कम बजट में आपको बेस्ट डिजाइंस ऑप्शन देते हैं। सदर बाजार में वुमन्स टूर और पिकनिक के लिए बेस्ट सिल्क, मिनिमल और कम्फर्टेबल डिजाइन ज्वेलरी की तलाश में पहुंच रही हैं। ज्वेलरी कारोबारियों ने बताया कि आजकल चाहे सिल्वर हो या फिर गोल्ड, महिलाएं और गर्ल्स लाइटवेट ज्वेलरी व डिजाइन ही कैरी कर रही हैं। वहीं डिमांड की बात करें तो कम बजट के हिसाब से लाइटवेट ज्वेलरी ही अधिक बिक रही है। ऐसे में वुमन्स के लिए सिल्वर और गोल्ड में लाइटवेट ज्वेलरी के डिमांडिंग ज्वेलरी पैटर्न को डिजाइन किया जा रहा है।

### सुंदरता में चार चांद लगाने कर रहीं कैरी

*इस एंकलेट में सिल्वर वायर को हल्के ट्विस्ट या रोप पैटर्न में डिजाइन किया जाता है। बिना चार्म या बीड्स के भी ये बहुत ही प्रीमियम लुक देती है। बहुत ही स्लीक, लेकिन स्टाइलिश चाहिए तो ऐसे ऑप्शन चुनने चाहिए। इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स के साथ बहुत ही आसानी के साथ मैच हो जाते हैं। इससे वुमन्स की सुंदरता में चार चांद लग जाते हैं।*

### कम बजट में बेस्ट ज्वेलरी ऑप्शन की डिमांड

*कम बजट में बेस्ट सिल्वर ज्वेलरी डिजाइंस ऑप्शन में टॉप्स एक बेहतर ऑप्शन है। आजकल सिंपल सिल्वर के अलावा आर्टिफिशियल डायमंड वर्क ईयरिंग्स भी काफी ट्रेंड में है। यह फूल और कई दूसरे यूनिक डिजाइन के साथ ही कम बजट में आसानी से उपलब्ध है। चांदी में लाइटवेट में सिंपल कंगन स्टाइल और कई डिजाइन में पसंद किए जा रहे हैं। वहीं आर्टिफिशियल डायमंड स्टाइल के ब्रेसलेट काफी ट्रेंड में हैं।*

# ब्याज के लिए बैंक में नहीं कर सकेंगे एफडी, राज्य सरकार ने लगाई रोक, वित्त विभाग ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने राज्य योजनाओं के लिए स्टेट सिंगल नोडल एजेंसी (एस-एसएनए) मॉडल का क्रियान्वयन करने का आदेश जारी किया है। खास बात ये है कि एस-एसएनए द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ई कोष से जारी राशि आवश्यकता आधारित हो, वास्तविक उपयोग से जुड़ी हो, किस्तों में जारी की जाए और एडवांस में राशि जमा न की जाए। राशि को सावधि जमा यानी फिक्स डिपाजिट, फ्लैक्सी, टर्म डिपाडिट या किसी अन्य खाता या ब्याज अर्जित करने वाले साधनों में जमा नहीं किया जाएगा। एस-एसएनए का बचत खाता एक स्वी या फ्लेक्सी होगा।

## वित्त ने जारी किया आदेश

राज्य योजनाओं के संबंध में वित्त विभाग ने शासन के समस्त विभाग, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों, सभी विभागाध्यक्ष और सभी कलेक्टरों को इस निर्देश से अवगत कराया है। राज्य के 12 विभागों से कहा गया है कि वे 30 अप्रैल 2026 तक एस-एसएनए मॉडल क्रियान्वित किये जाने के लिए संबंधितों को निर्देशित करें।

## 30 अप्रैल तक लागू करना होगा



## बिना जरूरत नहीं निकाल सकते राशि

वित्त के निर्देश में विशेष रूप से कहा गया है कि छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता भाग-एक के सहायक नियम 284 के अनुसार \\\\\\/"कोई भी राशि कोषालय से तब तक आहरित नहीं की जाएगी जब तक कि तत्काल संवितरण किया जाना आवश्यक न हो। मांग की प्रत्याशा में या बजट अनुदानों को व्यपगत होने से बचाने के लिए कोषालय से अग्रिम निकालना एक गंभीर अनियमितता है।

## बैंकों में राशि बेकार पड़ी रहती है

इसी निर्देश में यह भी कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लिये जस्ट इन टाइम प्रणाली पर आधारित एसएनए-स्पर्श मॉडल लागू किया गया है, जिससे इन योजनाओं में अग्रिम आहरण पर नियंत्रण संभव हो सका है। वर्तमान में विभिन्न राज्य पोषित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये राशि कोषालय से आहरित कर बैंक खातों में रखी जाती है। अग्रिम आहरण के कारण अप्रयुक्त राशि बैंक खातों में बेकार पड़ी रहती है।

## सीएस ने दिए हैं ये निर्देश

वित्त विभाग ने कहा है कि मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की भांति राज्य पोषित योजनाओं के लिए भी जस्ट इन टाइम प्रणाली पर आधारित मदर चाइल्ड अकाउंट व्यवस्था लागू की जाए। राज्य शासन द्वारा समय-समय पर वित्तीय प्रक्रियाओं में सुधार हेतु निर्देश किये जाते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन के ध्यान में आया है कि सरकारी निधियों, जब लंबे समय तक बैंक खातों में अप्रयुक्त रहती हैं, तो वे भारतीय रिजर्व बैंक के डीइएफ में स्थानांतरित हो जाती हैं अथवा निष्क्रिय (दो वर्ष तक संचालन न होने पर) हो जाती है। राज्य के वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने तथा राज्य योजनाओं के लिए पारदर्शी, कुशल एवं प्रभावी निधि-प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए सिंगल नोडल एजेंसी (एस-एसएनए) मॉडल लागू किया जा रहा है।

इन विभागों पर लागू होगा मॉडल

## खबर संक्षेप



### तारा गिरी युद्धपोत नेवी को सौंपा गया, केदार गुप्ता भी हुए शामिल

रायपुर। मझगांव डॉक से बिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित "तारा गिरी युद्धपोत "को शुक्रवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नेवी को राष्ट्र सुरक्षा के लिए सौंपा। इस अवसर पर मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक केदारनाथ गुप्ता विशाखापट्नम के नेवल डॉक में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए। तारागिरी युद्ध पोत में अनेक आधुनिक मिसाइलों जैसे बृम्होस, कवच, समुद्र के अंदर मार करने वाली मिसाइलें लगी हैं। यह आधुनिक युद्धपोत पूर्ण रूप से स्वदेशी है, जो यह सिद्ध कर रहा है कि आयुध शस्त्रों से लेकर युद्धपोत निर्माण में अब भारत आत्मनिर्भर है।

### नक्सल मामले पर बघेल का बयान दुर्भाग्यपूर्ण

रायपुर। प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप ने नक्सल उन्मूलन के संदर्भ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और संवेदनहीन बताया है। श्री कश्यप ने कहा, जहां भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए



नक्सल उन्मूलन की देशभर में प्रशंसा हो रही है, वहां भूपेश बघेल का यह कहना कि सुरक्षा बलों को बस्तर से वापस बुला लिया जाए, ऐसा है मानो श्री बघेल चाह रहे हों कि वहां के आदिवासी असुरक्षित हो जाएं, ताकि उनको नुकसान पहुंचा कर फिर से श्री बघेल अपनी राजनीतिक रोटी सेंक सकें। श्री कश्यप ने कहा, श्री बघेल कोई आंतरिक सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ नहीं हैं, बेहतर हो कि इस पर राजनीतिक टिप्पणी न करें। जिन्होंने कांग्रेस पोषित आतंक को पूरी तरह समाप्त करने का ऐतिहासिक और चमत्कारिक काम किया है, उन्हें यह भी बेहतर पता होगा कि कब सुरक्षा बलों को रखना है या कब हटाना है। श्री कश्यप ने कहा, सुरक्षा बलों को अभी हटाने की बात कहना बदनीयती के अलावा और कुछ नहीं है। श्री बघेल को ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए।

### समीक्षा बैठक में भंडारण को लेकर खाद्य, नान और मार्कफेड के अधिकारियों पर बिफरीं सचिव कंगाले

# 7 अप्रैल से मनेगा चावल उत्सव, कई जिलों की राशन दुकानों में 30 प्रतिशत से कम भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में 7 तारीख से चावल उत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत संचालित सभी सहकारी उचित मूल्य की दुकानों में अप्रैल, मई और जून का चावल एक साथ हितग्राहियों को वितरण किया जाएगा। इस चावल उत्सव के लिए प्रदेश के सभी जिलों में उचित मूल्य की दुकानों में पर्याप्त मात्रा में चावल का स्टॉक उपलब्ध कराने के लिए भंडारण कराया जा रहा है, लेकिन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा एवं महासमुंद सहित कई जिलों में संचालित उचित मूल्य की कई दुकानों में 30 प्रतिशत से भी कम भंडारण हो पाया है, जिसे लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सभी जिलों के खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम एवं मार्कफेड के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आगामी 3 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत उचित मूल्य की दुकानों में मांग के अनुसार चावल का भंडारण करा लें। उन्होंने बैठक में स्पष्ट रूप से अधिकारियों को चेतावनी भी दी है कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बरती गई तो कार्रवाई के लिए वे तैयार रहें।

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिला अधिकारियों की ली बैठक

नागरिक आपूर्ति विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने चावल उत्सव की तैयारियों और उचित मूल्य की दुकानों में तीन माह का एक साथ चावल वितरण करने तथा चावल भंडारण की समीक्षा विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया। इस विडियो कांफ्रेंसिंग में सभी जिलों से खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम एवं मार्कफेड के जिला अधिकारी शामिल हुए। इस कांफ्रेंस के दौरान खाद्य सचिव रीना बाबा कंगाले ने सबसे पहले 5 जिले रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा एवं महासमुंद जिले के उचित मूल्य दुकानों में भंडारण की समीक्षा की।



### तीन दिन बाद फिर होगी समीक्षा

सूत्रों से पता चला है कि इस बैठक में खाद्य सचिव रीना कंगाले ने स्पष्ट रूप से सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है, कि आगामी तीन दिनों के भीतर वे सभी दुकानों में पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### रायपुर में 29 प्रतिशत भंडार, 257 दुकानों में अप्रैल का भंडारण नहीं हो पाया

बैठक में रायपुर जिले में उचित मूल्य दुकानों में चावल भंडारण की समीक्षा हुई। इसमें अधिकारियों ने खाद्य सचिव को बताया कि उनके जिले में कुल 718 उचित मूल्य दुकानें है, जिनमें से 257 दुकानों को छोड़कर शेष दुकानों में अप्रैल माह का 29 प्रतिशत भंडारण कर लिया गया हैं, वहीं शेष दुकानों में भी 2 से 3 दिन में कर लिया जाएगा। इसी तरह कोरबा, महासमुंद और दुर्ग जिले में भी कई दुकानों में अब तक अप्रैल महीने का भंडारण नहीं हो पाया है। इन पांच जिलों के अलावा कवर्धा, बस्तर, सरगुजा सहित अन्य जिलों की उचित मूल्य दुकानों की बार-बारी से चावल भंडारण की समीक्षा की गई।

### बिलासपुर में 697 दुकानों में से कई दुकानों में 30 प्रतिशत से कम भंडारण

सूत्रों से पता चला कि बैठक में सबसे पहले रीना कंगाले ने बिलासपुर की उचित मूल्य दुकानों में चावल भंडारण की समीक्षा की। बैठक में इस जिले के अधिकारियों ने बताया गया कि उनके जिले में 697 उचित मूल्य की दुकानें हैं, इनमें से कई दुकानों में 35 प्रतिशत चावल का भंडारण हो गया हैं, वहीं जहां इससे कम हुआ है, उन दुकानों में अप्रैल महीने का भंडारण कर लिया गया है, वहीं मई और जून महीने का भंडारण भी जल्द कर लिया जाएगा।

# कार्यकर्ताओं और पार्टी को मजबूत करता है प्रशिक्षण : किरण देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़यारी मंडल में प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने किया। किरण देव ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है और जिस राजनीतिक दल का कार्यकर्ता हर क्षेत्र में प्रशिक्षित होता है, वह दल निश्चित रूप से मजबूती से जनता के बीच पहुंच कर जनमत अपने दल के तरफ करने में सक्षम होता है। श्री देव ने कहा, आप सभी कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ हैं।

आप सभी के जमीनी परिश्रम का प्रतिफल है जो हम आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहराने में कामयाब रहते हैं। कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं और पार्टी को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाता है। यहां कार्यकर्ताओं को संगठन से जुड़े अहम कार्यक्रमों का संपूर्ण प्रशिक्षण दिया जाता है। संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में प्रशिक्षण शिविर का अहम योगदान होता है, साथ ही मंडल में आपसी संतुलन और मजबूत होता है। विधायक राजेश मूणत ने कहा, भाजपा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर संगठनात्मक मजबूती के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण होता है। यहां गत समय में कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की जाती है। श्री मूणत ने कहा कि आगामी महीनों में भाजपा संगठन से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी भाजपा मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को दी जाएगी जिसमें हमे जिम्मेदारी से निभाना है। शिविर में विशेष रूप से भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित साहू, जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री अमित मैशरी शाह ,वरिष्ठ भाजपा नेता ओंकार बैस, मंडल अध्यक्ष विनय जैन सहित अन्य भाजपा नेता एवं मंडल के सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे ।

# मुख्यमंत्री साय बंगाल में आज नामांकन रैली में होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बंगाल में शनिवार को भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैली और नामांकन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार की रात को यहां से बंगाल के लिए रवाना हुए और रात को बंगाल पहुंच गए। इसी के साथ प्रदेश के और कुछ मंत्री भी वहां पर भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होंगे। बंगाल में प्रदेश के कई भाजपा नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बंगाल रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल के एक जिले की चार विधानसभाओं में नामांकन भरवाने जा रहे हैं। हम सब बहुत कॉन्फिडेंट हैं। पूरे देश की जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी, एनडीए और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बढ़ा है और निश्चित रूप से इस बार पश्चिम बंगाल में भी एनडीए की सरकार बनेगी।

## विजय शर्मा को भी बड़ा जिम्मा

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को भी बंगाल में बड़ा जिम्मा दिया गया है। उनको केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ रखा गया है। श्री शाह की बंगाल में जितनी भी रैलियां और संभाएं होंगी, उन सबका जिम्मा श्री शर्मा को दिया गया है। श्री शर्मा वहां पर दो दिनों तक रहने के बाद वहां से लौटे हैं, अब वे एक बार फिर से 6 अप्रैल को बंगाल जाएंगे। इसी के साथ बंगाल में प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा राष्ट्रीय संगठन ने दिया है। वे बीते चार माह से वहां पर डटे हुए हैं। अन्य नेताओं में विधायक राजेश मूणत के साथ ही भूपेंद्र सवन्नी और कई नेता वहां पर डटे हुए हैं।

# हितग्राहियों को 7 अप्रैल तक तीन माह का चावल उपलब्ध कराएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के मुख्यालय, नवा रायपुर में निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने अधिकारियों एवं प्रदेश के समस्त जिला प्रबंधकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि शासन द्वारा लिए गए फैसले के मुताबिक प्रदेश के हितग्राहियों को तीन माह का अनाज एकमुश्त उपलब्ध कराने की सात अप्रैल तक व्यवस्था करें।

■ नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने अधिकारियों को दिए निर्देश

उन्होंने अधिकारियों से कहा, अप्रैल के साथ ही मई एवं जून का चावल हर हाल में उचित मूल्य की दुकानों तक पहुंच जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश के समस्त हितग्राहियों को तीन माह का चावल एकमुश्त प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। चावल भंडारण में किसी भी प्रकार की व्यवहारिक दिक्कत या परिवहन समस्या, लेबर की कमी हो तो निगम मुख्यालय के उच्चाधिकारियों को अवगत कराए स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं का तत्काल हल कराने हेतु जिलों के कलेक्टर से निरंतर संपर्क रखकर समय सीमा में भंडारण कार्य पूर्ण कराए। समय पर हितग्राहियों को चावल नहीं मिलने पर संबंधितों की जवाबदेही तय की जाएगी। चावल उपार्जन की गति बढ़ाने के लिए मिलर्स से चर्चा कर शीघ्र चांवल जमा कराने का प्रयास किया जाए, ताकि चावल की कमी की स्थिति किसी भी जिले में न हो। इस संबंध में संबंधित जिलाध्यक्षों से बैठक कर कार्ययोजना तैयार करने हेतु निगम अध्यक्ष द्वारा सभी जिला प्रबंधकों को निर्देशित किया गया।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
Admission Open For Pre Primary & Classes 1st - 12th (Maths, Bio, Arts, Com.)
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
Spoken English & Personality Development
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Smart Learning with activity based teaching methods
Regular Seminars, competitions & interactive sessions
Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil Lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 94252-14413, 93296-21221

Bright Kids ACADEMY
Bright Kids-Where Fun Meets Learning"
Activity-Based Curriculum for Happy, Smart Learners
ADMISSION OPEN! Session: 2026-27
PRESCHOOL •Playgroup •Nursery •LKG • UKG
DAYCARE CENTRE
TRANSPORT SERVICE AVAILABLE
+91 96696 53335, 78282 53335
'Hands on... Minds on' Curriculum
Air-Conditioned Classrooms & Safe, Hygienic Campus
Smart Book Kits, DIY portal & Montessori Toy Library
Experienced, Caring Educators
CCTV Secured Campus
Web.: https://brightkidmont.com/schools/best-pre-school-in-raipur-bright-kids-academy
Address: Near Ramkrishna Hospital, Triveni Vihar, Pachpedi Naka Raipur (C.G.)

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Pre-Primary, Classes 1st to 12th (Maths, Bio, Com. Arts)
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558,
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes

Contact to Add Your School - 7987119756

# सरकार बस्तर विकास के लिए विशेष पैकेज दे : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बस्तर के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार तत्काल विशेष आर्थिक पैकेज की भी घोषणा करे, ताकि बस्तर को विकास की मुख्यधारा में लाया जा सके। बस्तर की खूबसूरती की रक्षा के साथ यहां के युवाओं के लिए रोजगार और वनोपज आधारित उद्योगों के लिए सरकार विशेष कार्य योजना बनाए। बस्तर के युवाओं के लिए नौकरी के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाए सरकार।

श्री बैज ने कहा कि सरकार ने खुद घोषित किया था, बस्तर का जो गांव नक्सल मुक्त हो जाएगा, उसको एक करोड़ रुपए प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, राज्य के गृह मंत्री से लेकर पूरी सरकार यह बयान दे रही है कि बस्तर सहित पूरा प्रदेश नक्सल मुक्त हो गया है, तब सरकार अपनी घोषणा के अनुसार बस्तर संभाग के सभी गांवों के लिए तुरंत एक-एक करोड़ रुपए की राशि जारी करे। श्री बैज ने कहा, एनएमडीसी को अपना मुख्यालय अब बस्तर में बनाना चाहिए, ताकि बस्तर के बेरोजगार युवाओं के लिए एनएमडीसी में रोजगार का द्वार खुल सके।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

JOSPO FEEL THE ENERGY
Sunday Open
शीतल कूलर के निर्माता
डक्टिंग कूलर, हॉल वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार
कूलर हाउस
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

।। जय श्री राम ।।

।। श्री गणेशाय नमः ।।

।। श्री हनुमंते नमः ।।







# श्री हनुमान जन्मोत्सव

कार्यक्रम में पधार कर सफल बनाने पर
समस्त श्रद्धालुओं एवं अतिथियों का हार्दिक आभार...

**दिनांक - 04 अप्रेल 2026, दिन - शनिवार**

शाम 07 बजे से रंगारंग छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम
(पुनम विराट एवं दिव्या तिवारी) द्वारा प्रस्तुत की जायेगी

जिसमें आप सभी भक्तगण पधार कर आयोजन
को भव्य एवं सफल बनावें...

-: विनीत :-

**तरूण श्रीवास (छाया पार्षद)**

**श्रीराम हनुमान एवं शनि सेवा समिति**

स्थान - कबीर चौक, रामनगर अण्डर ब्रिज के पास, रायपुर

## खबर संक्षेप



### कोटा महोबा बाजार शराब भट्ठी हटाने मंत्री को ज्ञापन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कोटा महोबा बाजार स्थित शराब भट्ठी को हटाने की मांग को लेकर इस क्षेत्र के आसपास बसी कालोनियों में रहने वाले लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के जरिए प्रतिनिधिमंडल ने शराब भट्ठी को हटाए जाने की मांग की। मंत्री को ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने बताया कि मारुति विहार कॉलोनी, श्रीजी टॉवर, मारुति हाईट, महंत तालाब कृष्णा नगर, ज्योति नगर के रहवासी इस शराब भट्ठी के कारण परेशान हैं। उन्होंने बताया कि इस शराब भट्ठी के खुलने से पूर्व सभी कालोनी वासियों ने इसका विरोध किया था। इस संबंध में रायपुर कलेक्टर, विधायक एवं तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। इस ज्ञापन में शराब भट्ठी को हटाने के लिए 44 पन्नों में 1145 लोगों ने हस्ताक्षर भी किए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने इसकी एक प्रति मंत्री को देकर अवगत कराया है कि 6 माह बीतने के बाद भी शराब भट्ठी को अन्यत्र जगह पर हटाया नहीं गया है।

### सिंधी समाज सेवियों का कल होगा सम्मान



**रायपुर।** सिंधी समाज और सहयोग एक सामाजिक संस्था द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 5 अप्रैल को सिंधीयत रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदर देवानी ने बताया कि समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सच्चे समाज सेवकों और सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रायपुर के समस्त सेवाधारी और समाज की समस्त संस्थाओं का यह अपना आयोजन होगा। कार्यक्रम में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, संतोष, विक्की लोहाना, किशोर आहूजा, जीतू बड़वानी, अमर चंदानी, राजू तारवानी, महेश आहूजा, अमर चंदानी, राजू तारवानी, महेश आहूजा, महेश खिलनानी और संपूर्ण समाज के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

### बालाजी गार्डन फाफाडीह में मनाई हनुमान जयंती



**रायपुर।** बालाजी गार्डन फाफाडीह में हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान जयंती मनाई गई। पं. ओंकार प्रसाद तिवारी ने आरती कर प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर महिला नेत्री श्रुति अग्रवाल, निशा आहूजा, सरला जैन, सावित्री अग्रवाल एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, दिलीप अग्रवाल, रामावतार डोलावत, पुरुषोत्तम पटेल, योगेश अग्रवाल, दिनेश शर्मा, सुब्रत डोलावत, राहुल जायसवाल, आशीष आहूजा, विजय, नीलेश आदि उपस्थित थे।

# टैम्पलेट जनरेट नहीं, इसलिए नए सिस्टम से होगी साइंस कॉलेज की नैक ग्रेडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पांच वर्ष पश्चात एक बार फिर से विज्ञान महाविद्यालय की ग्रेडिंग की तैयारी है। पिछली बार नैक टीम विजिट के लिए आई थी, तब महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेड दिया गया था। तमाम तैयारियों और सुविधाओं के बाद भी ए ग्रेड नहीं मिल पाने को लेकर महाविद्यालय ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी, लेकिन ग्रेडिंग में सुधार नहीं हो सका। अब पुनः नैक ग्रेडिंग के लिए महाविद्यालय प्रबंधन डटा हुआ है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बार विज्ञान महाविद्यालय की ग्रेडिंग नए सिस्टम से होगी। अब तक निरीक्षण के लिए यूजीसी द्वारा भेजी जाने वाली नैक टीम आती है। यूजीसी द्वारा तय विभिन्न मानकों के आधार पर टीम महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा संबंधित शैक्षणिक संस्थान को अंक प्रदान करती है, जिसके आधार पर संस्थान की ग्रेडिंग तय होती है। अब नई प्रणाली में ऐसा नहीं होगा। इसे कंप्यूटर बेस्ड करने की तैयारी की जा रही है। नैक ग्रेडिंग के लिए आवेदन करने वाले संस्थान को निर्धारित प्रारूप के टैम्प्लेट दिए जाएंगे। इसमें संस्थान को जानकारी भरकर प्रेषित करनी होगी। जब तक टैम्प्लेट जनरेट नहीं किए जा सके हैं। इसके चलते महाविद्यालय जानकारी प्रेषित नहीं कर पा रहा है। नेशनल इंस्टिट्यूशन रैंकिंक फ्रेमवर्क पैटर्न में उक्त जानकारियां प्रेषित की जाएंगी।

- पांच वर्ष पूर्व तैयारियों के बाद भी विज्ञान महाविद्यालय को मिला था बी प्लस ग्रेड
- नैक ग्रेडिंग कमीशन घोटाले के बाद यूजीसी बदल रहा है अपना सिस्टम




#### वार्षिक रिपोर्ट प्रेषित

प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान जिसकी नैक ग्रेडिंग हुई हो, उनके लिए वार्षिक रूप से क्वालिटी असेसमेंट एंड एश्योरेंस रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य होता है। साइंस कॉलेज द्वारा यह वार्षिक रिपोर्ट भेजी जा सकती है। ग्रेडिंग 2026 की द्वितीय छमाही अर्थात नए शैक्षणिक सत्र में प्राप्त होगी, लेकिन महाविद्यालय प्रबंधन ने वर्तमान से ही ग्रेडिंग के लिए टीम गठित कर दी है। पिछली बार प्राध्यापकों द्वारा किए गए रिसर्च कार्यों की जानकारी ऑनलाइन नहीं होने सहित कई बिंदुओं पर महाविद्यालय के अंक कटे थे। इन बिंदुओं को लेकर विशेष सतर्कता महाविद्यालय प्रबंधन बरत रहा है।

#### इसलिए बदलाव

यूजीसी द्वारा भेजी जानी वाली नैक ग्रेडिंग टीम द्वारा पैसे लेकर महाविद्यालयों को अच्छे अंक प्रदान करने का मामला सामने आया था। रिश्वत लेने वाले कमेटी के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों पर भी कार्रवाई की गई थी। इसके बाद ही यूजीसी ग्रांट कमीशन नैक ग्रेडिंग सिस्टम को पारदर्शी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसलिए पूरी व्यवस्था ऑनलाइन करने की तैयारी की जा रही है ताकि लेन-देन की कोई आशंका ना रहे।

### अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट के अभी दाम 250 से 285 रुपए तक

# सोमवार से सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ाने की तैयारी, तीन सौ के पार हो जाएंगे दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में एक बार फिर से इस माह अप्रैल से सीमेंट के दाम में इजाफा करने की तैयारी है। जानकारों का कहना है सोमवार से 50 रुपए तक दाम बढ़ा दिए जाएंगे। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले कारोबारियों का कहना है कि सीमेंट कंपनियां हमेशा से ही इसी तरह की मनमर्जी करती हैं। कभी भी दाम बढ़ाने की सूचना दे दी जाती है। अपना टारगेट पूरा करने के लिए ही ऐसा किया जाता है। मार्च में बीते साल का टारगेट पूरा हो गया है तो अप्रैल से नए साल के टारगेट के लिए दाम बढ़ाने की बात की जा रही है। इस समय सीमेंट के दाम अलग-अलग कंपनियों के 250 से 285 रुपए तक हैं।

दाम बढ़ने पर कीमत तीन सौ के पार हो जाएगी। बीते साल जब सीमेंट पर दस फीसदी जीएसटी कम की गई थी तो इसका खेल कागजों में खेला गया था, ग्राहकों को इसका लाभ नहीं मिला था। प्रदेश की सीमेंट कंपनियां दाम बढ़ाने के मामले में हमेशा से ही बेलगाम हैं। हर साल मानसून के समय भी जब डिमांड नहीं रहती है तब भी दाम बढ़ा दिए जाते हैं। दाम बढ़ाने का विरोध रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी कर चुके हैं। बीते साल तो प्रदेश सरकार ने भी नाराजगी जताते हुए सीमेंट कंपनियों की बैठक की थी। उद्योग मंत्री के साथ बैठक में तय किया गया था कि कंपनियां सीमेंट के दाम बढ़ाने से पहले इसकी सरकार को जानकारी देंगी और कारण भी बताएंगी। लेकिन कंपनियां ऐसा नहीं कर रही है। बैठक के बाद कई बार दाम बढ़ाए जा चुके हैं। अब फिर से वहां करने की तैयारी है।

**कारोबारियों का कहना है कि सीमेंट कंपनियां हमेशा से ही इसी तरह की मनमर्जी करती हैं**



#### इस माह बढ़ेंगे दाम

कारोबारियों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से लगातार कंपनियां दाम बढ़ाने की बात कह रही हैं। इसके पीछे कोई कारण नहीं बताया जा रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अप्रैल का टारगेट पूरे करने के लिए ही ऐसा किया जा रहा है। टारगेट पूरा होने पर दाम कम भी किए जा सकते हैं। इस समय अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट के दाम 250 से 285 रुपए तक हैं। ब्रांडेड कंपनियों का सीमेंट 60 बोरी लेने पर 265 रुपए में मिल रहा है। चिल्हर में दाम 285 रुपए तक है। इसमें भाड़ा अलग से है। अगर 50 रुपए दाम बढ़े तो दाम 300 से 315 रुपए तक हो जाएंगे।

#### जीएसटी के समय ऐसे किया बिलों में खेल

*बीते साल जब सीमेंट में जीएसटी कम की गई थी तो बिलों में खेल किया गया था। अपने प्रदेश में कई कंपनियों के सीमेंट बिकते हैं। इसके दाम खुले बाजार में 250 से लेकर 300 रुपए या इससे ज्यादा भी रहते हैं। जानकारों का कहना है कि ज्यादातर कंपनियां पहले से ही बिलों में खेल करती हैं। सीमेंट के दाम बिल में ज्यादा रहते हैं और उसमें अलग-अलग तरह के डिस्काउंट देकर दाम को कम कर दिया जाता है। जिस कंपनी को अपना सीमेंट 250 रुपए में बेचना रहता है, उसकी बिलिंग 300 रुपए तक रहती है। इसमें 50 रुपए का डिस्काउंट दिया जाता है। ऐसे में विक्रेताओं को यह 250 रुपए में मिल जाता है तो ग्राहकों को 260 रुपए में बेच देते हैं। इसी तरह से जिन कंपनियों को अपना सीमेंट 275 रुपए तक बेचना रहता है, वो कंपनियां इसकी बिलिंग 325 रुपए कर करती हैं। जीएसटी कम होने पर कंपनियों ने सरकार को दिखाने के लिए अपनी बिलिंग 270 से 305 रुपए कर दी थी।*

# पिछले साल पड़ी थी 44 डिग्री की गर्मी, इस बार रह सकता है बादल-बारिश का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



**अप्रैल में प्रमुख शहरों का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 44.4 | 22 अप्रैल 2025 |
| पेंड्रा | 42.7 | 21,22 अप्रैल 2025 |
| जगदलपुर | 41.9 | 28 अप्रैल 2019 |
| अंबिकापुर | 42.4 | 25 अप्रैल 2016 |
| बिलासपुर | 44.7 | 17 अप्रैल 2016 |

वैसे तो अप्रैल को गर्मी का पीक माना जाता है, मगर इस बार बादल-बारिश के बीच मौसम थोड़ा नरम रहने की संभावना है। पिछले साल रायपुर में गर्मी ने अंतिम दिनों में दस साल का रिकार्ड तोड़ा था। इस बार मार्च में शहर में गर्मी का तापमान दो दिन ही 40 डिग्री को पार कर पाया था। अभी वातावरण में नमी के कारण पारा 40 से नीचे दर्ज किया जा रहा है।

मौसम विभाग द्वारा इस बार गर्मी के सीजन में औसत तापमान में सामान्य से नीचे रहने का अनुमान लगाया था। इसका असर मार्च के महीने में देखने को मिला और मौसम तंत्रिकाओं के सक्रिय रहने की वजह से तापमान में उतार-चढ़ाव होने से गर्मी ज्यादा दिनों प्रभावशील नहीं थी। अप्रैल महीने में भी कुछ इसी तरह का मौसम रहने के आसार है। आमतौर पर मार्च के अंतिम दिनों तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जाता है और अप्रैल इसी टेंप्रेचर के साथ बीतता है। अप्रैल के अंतिम दिनों में तापमान 42-43 डिग्री को पार कर जाता है और मई के महीने में गर्मी चरम पर होती है। इस बार महीने के अंतिम दिनों तैयार होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान 40 तक पहुंचकर नीचे उतर गया। राज्य में अभी अंधड़ और हल्की बारिश की संभावना बने रहने की संभावना है।

#### यह सिस्टम है सक्रिय

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ, चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पूर्वी ईरान और उससे लगे अफगानिस्तान के ऊपर मौजूद है। एक द्रोणिका पूर्वी झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ के बीच स्थित है। इसके प्रभाव से शनिवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। शुक्रवार को रायपुर में गर्मी अपनी सामान्य स्थिति में रही और 38 डिग्री तक पहुंचा वहीं राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया है।

# बच्चे को मारने पर पति के डांटने से नाराज महिला ने की खुदकुशी



- पति-पत्नी शादी समारोह में जाने की कर रहे थे तैयारी
- मायका तथा ससुराल पक्ष के लोगों ने अस्पताल में किया जमकर हंगामा, एक दूसरे के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में बच्चे को डांटने से मना करने पर महिला ने फांसी लगाकर शुक्रवार शाम फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना से आक्रोषित मृतका के मायका पक्ष के लोगों ने रिंग रोड स्थित एक निजी अस्पताल में जमकर हंगामा करते हुए एक दूसरे के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। संतोषी नगर निवासी इरशाद खान की पत्नी यास्मिन बानो ने खुदकुशी की है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पति-पत्नी एक शादी समारोह में शामिल होने जाने तैयारी कर रहे थे। यास्मिन के दो बेटों में से एक डेढ़ साल का बेटा ने खेलते हुए अपनी मां को लात मार दी। इस बात से नाराज यास्मिन ने अपने बेटे को डांटते हुए लात मार दी। इस बात से नाराज इरशाद ने अपनी पत्नी को ऐसा करने से मना करते हुए उसे फटकार लगाई। इस बात से नाराज होकर महिला ने एक अलग कमरे में जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

#### मायका पक्ष के लोगों ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

मायका पक्ष के लोगों ने इरशाद तथा उनके परिजनों पर यास्मिन को प्रताड़ित करने तथा उसके साथ मारपीट कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। यास्मिन के मायका वालों ने आरोप लगाया है कि बच्चे को बदमाशी करने से रोकने पर इरशाद तथा उसके परिजनों ने यास्मिन के साथ बुरी तरह से मारपीट की और उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। परिजनों ने यास्मिन के ससुराल वालों के खिलाफ उसके साथ आए दिन मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# कला केंद्र में समर कैंप तीन चरण में, पहला 15 से 30 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- बच्चों की प्रतिभा निखरेगी और उनमें आत्मविश्वास के साथ-साथ रचनात्मक सोच का विकास होगा

गर्मी की छुट्टियों में कला केंद्र संस्थान रायपुर तीन चरणों में समर कैंप लगाएगा। जीई रोड स्थित इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के पीछे स्थित कला केंद्र परिसर में आयोजित होने वाले समर कैंप के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक, उपयोगी और ज्ञानवर्धक बनाया जाएगा। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर कला केंद्र में बच्चों को संगीत, नृत्य, चित्रकला, योग, शतरंज एवं स्पोकन इंग्लिश जैसी विविध गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे बच्चों की प्रतिभा निखरेगी और उनमें आत्मविश्वास के साथ-साथ रचनात्मक सोच का विकास होगा।

#### पहला चरण 15 अप्रैल से

समर कैंप तीन चरणों में होगा। पहला चरण 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होगा। दूसरा चरण 1 मई से 15 मई तथा तीसरा चरण 16 मई से 30 मई तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 9:30 बजे तक कक्षाएं संचालित होंगी। कैंप में भाग लेने के लिए पंजीयन शुल्क 110 रुपए तथा प्रशिक्षण शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया है। सीमित सीटों के कारण अभिभावकों से अपने बच्चों का पंजीयन शीघ्र कराने की अपील की गई है।

# रायपुर, उरकुरा और मांढर सेक्शन में चलेगा ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-उरकुरा-मांढर सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य के चलते इस मार्ग पर यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। सिग्नलिंग कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए रेलवे प्रशासन ने इस रूट की 10 मेमू ट्रेनों को 5 अप्रैल को रद्द कर दिया है। इन लोकल ट्रेनों के कैंसिल होने से अप-डाउन करने वाले दैनिक यात्रियों और नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मेमू ट्रेनों के रद्द हो जाने से एक दिन के लिए एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ और दबाव काफी बढ़ जाएगा, जिससे आम यात्रियों को सफर करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



- इस रूट की 10 मेमू ट्रेनों को 5 अप्रैल को रद्द कर दिया है

#### यह ट्रेन कल रहेगी रद्द

05 अप्रैल को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 58205 रायपुर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी।
06 अप्रैल को गाडी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68701 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68702 दुर्ग -रायपुर- मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68703 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को गाडी संख्या 68704 दुर्ग -रायपुर- मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

बीच में समाप्त होने वाली गाड़ी

05 अप्रैल को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त होगी यह गाड़ी बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी।
05 अप्रैल को 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया के स्थान यह गाड़ी बिलासपुर से ही झारसुगुड़ा के लिए रवाना होगी। इसलिए यह गाड़ी गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।
4 अप्रैल को गाड़ी संख्या 58217 टिटलागढ़ रायपुर पैसेंजर महासमुंद में समाप्त होगी यह गाड़ी महासमुंद -रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।
5 अप्रैल,को गाड़ी संख्या 58218 रायपुर -टिटलागढ़ पैसेंजर रायपुर के स्थान पर महासमुंद से प्रारंभ होगी यह गाड़ी रायपुर - महासमुंद के बीच रद्द रहेगी।

# दो दशक से रेस्क्यू सेंटर में कैद उम्रदराज अंधे छोटू वनभैंसा को खुले में छोड़ने की तैयारी

#### इसलिए खुले में छोड़ने का निर्णय

*प्रस्ताव में इस बात का उल्लेख किया गया है कि असम से लाई गई वन भैंसें, जो बारनवापारा अभयारण्य में रखी गई हैं, उन्हें उदंती अभयारण में लाया जाएगा। 45 दिन बाड़े में रखने के बाद छोटू के साथ जंगल में रेडियो कॉलर लगाकर सॉफ्ट रिलीज किया जाएगा। खुले में रिलीज करने का उद्देश्य छोटू से मादा वन भैंसों का प्रजनन कराकर संख्या बढ़ाना है।*


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के वनभैंसा रेस्क्यू सेंटर में दो दशक से ज्यादा समय से कैद राज्य के राजकीय पशु छोटू नामक वनभैंसा को खुले प्राकृतिक रहवास में छोड़ने वन विभाग के अफसर तैयारी कर रहे हैं। जिस वनभैंसा को खुले में रेडियो कॉलर लगाकर छोड़े जाने तैयारी है, उस वनभैंसा की मोतियाबिंद से दोनों आंखें पूरी तरह से खराब हो चुकी हैं। इसके साथ ही वनभैंसा अब अपने उम्र के अंतिम पड़ाव में है। ऐसे में जानकार वनभैंसा को खुले में छोड़े जाने को लेकर सवाल उठा रहे हैं और इसे आत्मघाती कदम बता रहे हैं।

वनभैंसा को उसके प्राकृतिक रहवास केंद्र में छोड़ने 12 जनवरी 2026 को अधिकारियों की बैठक के बाद प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है। राजकीय पशु को खुले में छोड़ने पांच अधिकारियों, जिसमें यूएसटीआर के फील्ड डायरेक्टर, डीएफओ बलौदा बाजार, डिप्टी डायरेक्टर यूएसटीआर, जंगल सफारी के डॉक्टर, कानन पेंडारी के डॉक्टर और एक एनजीओ की कमेटी ने मुख्यालय को मोड ऑफ ऑपरेशन प्रेषित किया है।





- मोतियाबिंद से राजकीय पशु की दोनों आंखें खराब हो गई
- असम से लाए गए मादा वनभैंसों से मेटिंग कराकर संख्या बढ़ाने विभाग उठा रहा रिस्क

#### बाहर करने के बाद भी बाड़े के आसपास रहेगा

6 अगस्त 2025 को गवर्निंग काउंसिल की बैठक में इस बात का उल्लेख किया गया है कि छोटू वन भैंसा अंधा है। वह बाड़े में रहने का आदी हो गया है। ऐसे में अब अगर उसे स्वच्छंद विचरण के लिए जंगल में छोड़ दिया जाएगा, तो क्या वह स्वच्छंद विचरण करेगा या मर जाएगा? जानकारों के अनुसार, अगर छोटू को बाड़े से बाहर छोड़ भी दिया जाए, तो वह अंधा होने के कारण जंगल में नहीं जा पाएगा और आहार के लिए बाड़े के आसपास ही घूमता रहेगा। जानकारों के अनुसार उम्र के अंतिम पड़ाव में होने की वजह से छोटू मेटिंग के लिए तैयार नहीं हो पाएगा।

#### बगैर किसी आदेश के कैद करने का आरोप

वाइल्ड बफेलो शेड्यूल-1 प्रजाति का वन्यजीव है। छोटू का जन्म वर्ष 2002 में हुआ था। जन्म के 4 साल तक छोटू स्वच्छंद रूप से जंगल में विचरण करता रहा। इसके बाद 2006 में बिना किसी आधिकारिक आदेश के उसे बाड़े में कैद करके रख दिया गया। इस दौरान रेस्क्यू सेंटर के साथ मेटिंग से कई बच्चे पैदा हुए। छोटू से पैदा वनभैंसों को विभागीय अफसरों ने हाईब्रीड या क्रॉसब्रीड बताकर रेस्क्यू सेंटर से बाहर कर दिया।

#### रेस्क्यू सेंटर बना प्रयोगशाला

वन्यजीवों के जानकार तथा वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी के अनुसार राजकीय पशु को लेकर विभाग दो दशकों से नए-नए प्रयोग कर रहा है। यूएसटीआर में वनभैंसों के संरक्षण के लिए वर्ष 2006 में बाड़ा बनवाया। बाड़ा बनवाने के बाद छोटू को बंधक बनाकर कैद किया। कथित तौर पर अन्य मादा वनभैंसों से छोटू के साथ प्रजनन कराकर बच्चे पैदा कराए। वर्ष 2014 में आशा नामक कथित मादा का क्लोन कराया। क्लोन से तैयार भैंसा दीपआशा के मुर्रा वनभैंसा होने की पुष्टि हुई। विभागीय अधिकारी राज्य में राजकीय पशु की संख्या बढ़ाने अब हर साल 2030 तक असम से 10 वनभैंसा लाने योजना बना रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411